दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 299 जयपुर, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**भारत का एशियन गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन:** पहली बार पदकों के शतक का आंकड़ा किया पार

# रिकॉर्ड 107 मेडल... आखिरी दिन 'गोल्डन सिक्सर'

■ 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज के साथ भारत रहा चौथे स्थान पर ■ भारतीय एथलीटों ने एशियन गेम्स में कमाल कर दिया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने एशियन गेम्स में अपना अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय एथलीटों ने 14वें दिन यानी शनिवार को 6 गोल्ड सहित कुल 12 मेडल अपने नाम किए।

28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज के साथ भारत ने मेडल टेली में चौथे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया। आखिरी दिन भारत की मेंस क्रिकेट टीम ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, वहीं कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीम चैंपियन बने। बैडमिंटन के पुरुष युगल स्पर्धा में भारत को गोल्ड मिला, वहीं आर्चरी के पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय तीरंदाजों ने गोल्ड पर निशाना साधा। इस प्रतियोगिता में भारत ने सबसे ज्यादा पदक एथलेटिक्स में जीते।

ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में अपने खिताब का बचाव किया। उन्होंने 88.88 मी. थ्रो के साथ गोल्ड पर कब्जा किया। भारतीय एथलीटों ने एथलेटिक्स में इस बार धमाकेदार प्रर्दशन किया। इस बार एथलेटिक्स में भारत ने सर्वाधिक 29 मेडल अपने नाम किए।



### भारतीय शूटर्स ने जीते 22 पदक

भारतीय शूटर्स ने भी चीन में अपने शानदार प्रदर्शन से खूब वाहवाही लूटी। निशानेबाजों ने इस बार 22 मेडल जीते, जबकि साल 2006 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 14 मेडल का था। तब भारतीय निशानेबाजों ने दोहा में 14 मेडल जीते थे जो उनका अब तक का बेस्ट प्रदर्शन था। इनमें से 12 मेडल टीम इवेंट में आए। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने गोल्ड जीते वहीं कबड्डी में भी भारत ने मेंस और वुमेंस वर्ग में स्वर्ण पर कब्जा किया।

### आर्चरी में पांच स्वर्ण झोली में

कंपाउंड आर्चरी में भारत ने 5 गोल्ड के साथ क्लीनस्वीप किया। वर्ल्ड नंबर 3 भारतीय शटलर्स सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में गोल्ड जीतकर इतिहास कायम किया। मेंस डबल्स में गोल्ड जीतने वाली यह पहली भारतीय जोड़ी है। बैडमिंटन में भारत को 3 मेडल मिले जो उसका दूसरा बेस्ट प्रदर्शन है। रेसलिंग में भारत ने 6 मेडल जीते।

### ओलंपिक का मिला टिकट

इसके अलावा कुछ एथलीटों ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गोल्ड जीते वहीं बॉक्सर निकहत जरीन, प्रवीण, प्रीति और लवलीना ने ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। इन सभी ने पेरिस ओलंपिक टिकट कटा लिया है।

दिन में गर्मी, रात को ठंडक

## चार जगह पारा 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे उतरा







**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश से मानसून की विदाई के बाद से जहां दिन के समय लोगों को तेज गर्मी का अहसास हो रहा है वहीं रात को हल्की ठंडक भी महसूस होने लगी है। ऐसे मौसम के चलते रात का पारा कई जगह खासा गिर गया है। शुक्रवार की रात सबसे कम तापमान सिरोही में 16.7 डिग्री रहा, वहीं 4 जगह पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। इन इलाकों में रात और दिन के तापमान में 15 डिग्री से भी अधिक का गैप रहा। शनिवार को दिन में प्रदेश में सर्वाधिक तापमान जैसलमेर और जोधपुर में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, जयपुर में शनिवार को दिन के समय अधिकतम तापमान 36 डिग्री तो रात के समय पारा 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


## जरूरी खबर

### 2023 सबसे गर्म साल बनने की राह पर, सितंबर तपा



**लंदन।** यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने कहा है कि बीते सितंबर माह में अभूतपूर्व तापमान दर्ज किया गया और इस साल लगातार चौथे महीने इतिहास में सबसे गर्म संबंधित महीने का रिकॉर्ड कायम हुआ। इस प्रकार, 2023 रिकॉर्ड किए गए इतिहास में सबसे गर्म साल बनने की राह पर है। आंकड़ों से पता चला कि सितंबर ने 2020 में बनाए गए पिछले मासिक रिकॉर्ड को 0.5 डिग्री सेल्सियस के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड से पीछे छोड़ दिया।

### सीकर में कोचिंग कर रहे छात्र ने किया सुसाइड



**जयपुर।** सीकर के उद्योग नगर इलाके में प्राइवेट हॉस्टल में रहने वाले एक स्टूडेंट ने पंखे से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट सीकर में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। सीकर में स्टूडेंट के सुसाइड का यह दूसरा मामला है। थानाधिकारी सुरेंद्र देगड़ा ने बताया कि नितिन फौजदार (18) नदबई भरतपुर का था। वह निजी हॉस्टल में रहता था। शनिवार सुबह रूम मेट कोचिंग चला गया, लेकिन नितिन नहीं गया।

जातिगत जनगणना पर चर्चा तेज

# सर्वे होगा, जनगणना तो भारत सरकार करवाए

**सर्वे से पता चलेगी आर्थिक स्थिति, 8 बोर्डों के गठन को दी स्वीकृति**



### आचार संहिता से पहले निर्णय

सीएम ने कहा कि आचार संहिता से पहले जातिगत सर्वे का निर्णय कर दिया गया है। अब आचार संहिता लागू होती है तो भी इसमें कोई दिक्कत नहीं आएगी। सुप्रीम कोर्ट तक में बहस हो चुकी है। बिहार सरकार के पक्ष में फैसला आ चुका है। बिहार सरकार ने किया है, वही मॉडल हम राजस्थान में अपना रहे हैं।

### देर शाम सर्वेक्षण के आदेश जारी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने शनिवार देर शाम राज्य के समस्त वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजस्थान राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण करने के आदेश जारी किए हैं। सर्वेक्षण के लिए आयोजना (आर्थिक एव सांख्यिकी) विभाग नोडल विभाग होगा। जिलों में कलेक्टर नोडल अधिकारी होंगे। प्राप्त सूचनाओं एवं आंकड़ों का विशेष साफ्टवेयर और मोबाइल ऐप बनाया जाएगा।

■ प्रधानमंत्री ने मान लिया है कि हमारी योजनाएं शानदार

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस कोर कमेटी के बाद शुक्रवार को सीएम अशोक गहलोत के दिए गए राज्य सरकार द्वारा बिहार की तर्ज पर जातिगत जनगणना कराने के बयान को लेकर चर्चा तेज हो गई। इस पर सीएम गहलोत ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वे होगा, जनगणना तो भारत सरकार करवा सकती है, राज्य सरकार नहीं करवा सकती। यह सिर्फ सर्वे हो रहा है, जो परिवारों का होगा, जिससे सभी की आर्थिक स्थिति मालूम चल जाएगी। यह हमारी पार्टी का कमिटमेंट है, हम इसे आगे बढ़ाएंगे। इस ऐलान के बाद सर्वे का आदेश जारी कर दिया गया है।

गहलोत ने कहा कि सर्वे में समय लगता है। बिहार में भी डेढ़ साल लगा है। इससे हर परिवार की आर्थिक स्थिति पता लगे, ताकि जो भविष्य में योजनाएं बने उसका फायदा कमजोरों को मिल सके। मैं बार-बार कहता हूं कि राइट टू सोशल सिक्योरिटी देश में लागू होना चाहिए। सोशल सिक्योरिटी किसको मिले, यह कैसे पता लगेगा? इसके लिए हर परिवार का सर्वे जरूरी है। एक बार अगर सर्वे हो जाएगा तो पता लग जाएगा कि कौन कितना जरूरतमंद है। इसलिए हमने सर्वे करने का निर्णय किया।

### हम आगे बढ़ा रहे रायपुर अधिवेशन का फैसला

एआईसीसी ने रायपुर अधिवेशन में जो फैसला किया था, उसे ही हम आगे बढ़ा रहे हैं। मेरा सपना है कि यूरोपीय मुल्कों की तरह देश के अंदर भी हर जरूरतमंद को जीवनयापन के लिए पैसा मिले। कई परिवारों की हालत बहुत खराब होती है। सर्वे हो जाएगा, कानून बन जाएगा तो उनको बिना मांगे हुए सर्वे के आधार पर लोगों को सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी।

### पीएम मोदी व भाजपा पर साधा निशाना

गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मान लिया कि हमारी योजनाएं शानदार हैं, लेकिन पीएम बताए कि वे ओपीएस, हेल्थ बीमा और शहरी रोजगार गारंटी देश में कब लागू कर रहे हैं? हमने बड़े-बड़े फैसले किए हैं, वह फैसले केंद्र कब लागू करेगा यह प्रधानमंत्री मोदी को यहां आकर बताना चाहिए। प्रधानमंत्री पहले उनको लागू करे, फिर यहां आकर कैंपेन करें, तब उनकी बात पर कोई विश्वास करेगा। बीजेपी के पास हमारे फैसलों की आलोचना के लिए शब्द नहीं, इसलिए लाल-पीली डायरी की बात करते हैं। भाजपा के स्थानीय नेताओं को अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा को सही ब्रीफ करना चाहिए कि यहां असल मुद्दे क्या हैं? आज स्थिति ऐसी बन गई है स्थानीय नेता यहां के मुद्दे बताने की स्थिति में नहीं है, इसीलिए बीजेपी के जो नेता यहां आते हैं वो ऊल-जलूल बातें करते हैं।

### पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव देंगे बोर्ड

सीएम ने तीन नए जिलों का तोहफा देने के बाद अब आठ अलग-अलग बोर्डों के गठन को स्वीकृति देकर जातिगत समीकरण को साधने की कोशिश की है। इन नवगठित बोर्ड्स में राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मीकि कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण (मां पूरी बाई कीर) बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड व राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड शामिल हैं। सभी बोर्ड संबंधित वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देंगे।

**भाजपा:** केंद्रीय नेता लेंगे संभाग स्तरीय बैठकें

# सीईसी के निर्णय के बाद घोषित होंगे भाजपा प्रत्याशी: अरुण सिंह

■ अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भाजपा के टिकट की पहली सूची को लेकर लगाए जा रहे कयासों का पटाक्षेप कर दिया है।

उन्होंने जयपुर में शनिवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के निर्णय के बाद प्रत्याशियों की सूची की आधिकारिक घोषणा होगी। इसलिए कोई भी सोशल मीडिया की किसी भी सूची या अफवाह पर ध्यान न दें। भाजपा की सीईसी की बैठक में जो भी नाम तय होंगे उस निर्णय पर सर्वसम्मति लेकर पार्टी सबको बता देगी। जल्द ही सीईसी इस संबंध में निर्णय लेगी।

■ पहली सूची संबंधी कयासों का पटाक्षेप
■ सर्वसम्मति के बाद ऐलान



### जयपुर संभाग की बैठक लेंगे धर्मेंद्र प्रधान

भाजपा के 'मिशन फतेह राजस्थान' अभियान को लेकर सात संभाग में भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला होगी। जयपुर संभाग की बैठक लेने के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रविवार को जयपुर आएंगे। प्रधान यहां संभाग स्तरीय बैठक का शुभारंभ, पत्रकार वार्ता और सोशल मीडिया वॉलंटियर्स से संवाद करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष सोमवार को बीकानेर संभाग में रहेंगे तो प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी भरतपुर संभाग में रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के 9 और 10 अक्टूबर को राजस्थान प्रवास के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा भी प्रदेश के दौरे पर आने वाले थे।



### द. अफ्रीका जीता, आज इंडिया का ऑस्ट्रेलिया से मैच



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के चौथे मैच में 102 रन से हरा दिया है। तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 428 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका ने दमदार शुरुआत की लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के कारण श्रीलंका की टीम 44.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 326 रन ही बना सकी। रविवार को इंडिया का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

**GST काउंसिल की बैठक**

## ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल 70 व 67 वर्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक हुई। इस बैठक में जीएसटी ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल क्रमशः अधिकतम 70 और 67 वर्ष की उम्र तक करने का फैसला हुआ।

बैठक के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने फैसलों की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था। अब काउंसिल ने पहले के फैसलों में कुछ संशोधन करने का फैसला किया है। फैसला यह हुआ है कि अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल क्रमशः अधिकतम 70 और 67 वर्ष की आयु तक होगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में अहम फैसला हुआ है कि अब वकील भी जीएसटी ट्रिब्यूनल के सदस्य बन पाएंगे। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्ति पर विचार करने के लिए वकीलों के पास न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। -पेज 8 भी देखें

उपराष्ट्रपति का फिर गहलोत पर पलटवार


# मैं किसान पुत्र हूं इसलिए मैंने उस बयान को बर्दाश्त किया: जगदीप धनखड़

- किसान के लिए आने पर कोई कहे बार-बार आते हो, यह उनके सोचने की बात
- बड़े पद की गरिमा छोटी सोच से खराब मत करो, राजनीति में मत फंसाओ
- किसान ने कृषि उत्पादों का व्यापार कब्जे में ले लिया, तो बड़ा बदलाव आएगा

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को एक बार फिर राजस्थान के श्रीगंगानगर और जोधपुर दौरे पर रहे।

इस दौरान उपराष्ट्रपति ने सीएम अशोक गहलोत की ओर से उनके दौरों को लेकर उठाए गए सवाल पर इशारों में जवाब दिया और कहा कि अगर किसानों के कल्याण के लिए कहीं जाता हूं तो कुछ लोगों को आपत्ति क्यों होती है? धनखड़ ने कहा कि मैंने उस बयान को बर्दाश्त किया, वो इसलिए कि मैं किसान पुत्र हूं। किसान के लिए



कोई मेरी आलोचना करे, कोई बयान दे, कोई कहे की बार-बार क्यों आते हैं, यह उनके सोचने की बात है। यह मेरा मौलिक दायित्व है कि मैं किसान के लिए प्रांत और देश में हर सकारात्मक कदम उठाने में सहायता करूं। यह मैं लगातार करता रहूंगा। मैं आता रहूंगा, क्योंकि मुझे आपकी ताकत मिलती है।

### बड़े पद की गरिमा को समझो

उन्होंने कहा कि इतने बड़े पद की गरिमा छोटी सोच से खराब मत करो, इस पद की गरिमा समझो और समझ कर छोटी राजनीतिक अखाड़े में मत फंसाओ। जिन लोगों ने ऐसा किया है, मैं मानकर चलता हूं विवेकपूर्वक सोचेंगे, समझेंगे सही रास्ते पर आएंगे। मैं कह सकता हूं कि आपका बेटा किसान के काम के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### पीएम ने दुनिया में भारत को नाम दिया

काजरी, जोधपुर में अपने संबोधन के दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत को वो नाम दिया, जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। उन्होंने राज्यसभा में मेरा परिचय कृषक पुत्र के रूप में करवाया। कई दशकों तक मैं वकालत करता रहा, लोकसभा सदस्य बना, विधायक बना, लेकिन पीएम ने मेरी पहचान वकील या राजनेता के तौर पर नहीं कृषक पुत्र के रूप में कराई। यह मात्र मेरी पहचान नहीं थी, उन्होंने मेरे कंधों पर बहुत बड़ा भार डाला कि आपके देश के दूसरे सर्वोच्च पद पर आसीन होने में किसान का योगदान है। मुझे समझ में नहीं आता कि कृषक पुत्र का किसान के प्रति समर्पण कुछ लोगों को रास क्यों नहीं आ रहा है? प्रदेश में मेरी यात्राओं को लेकर अनर्गल बात करना मुझे अच्छा नहीं लगता।

### देश की अर्थव्यवस्था में किसान का हाथ

धनखड़ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में किसान का हाथ है, किसान के बिना बदलाव संभव नहीं है। इसलिए मैं आपको आज तीन बातें विशेष तौर पर कहने आया हूं। बदलाव किसान को लाना है। किसान ने जिस दिन कृषि उत्पादों के व्यापार को अपने कब्जे में ले लिया, अपना वाजिब हिस्सा लिया, मान कर चलिए, बहुत बड़ा बदलाव आएगा।

## जरूरी खबर

### ईआरसीपी यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक आज



**जयपुर।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ईआरसीपी को मुद्दा बनाएगी। इसके लिए प्रदेशभर में पार्टी की ओर से पदयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के रूटमैप व योजना को लेकर पीसीसी वॉर रूम में रविवार को बैठक होगी। बैठक में सीएम अशोक गहलोत के साथ-साथ पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन प्रकाश, हरीश चौधरी सहित कई नेता शामिल होंगे। बैठक में 13 जिलों के नेताओं को बुलाकर चर्चा की जाएगी जिन जिलों के लोग ईआरसीपी की मांग कर रहे हैं।

### मंत्री जूली ने 175 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर जिले में शुक्रवार को 175 दिव्यांगजनों को स्कूटी सौंपी। जूली ने यहां उपस्थित दिव्यांग बालक-बालिकाओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि अलवर जिले के दिव्यांगजनों को वर्ष 2023-24 के तहत मुख्यमंत्री दिव्यांगजन निशुल्क स्कूटी योजना में 370 स्कूटी वितरित की जानी है। इसमें से शनिवार को 175 दिव्यांगो को स्कूटी व हैलमेट वितरित की गई हैं, पूर्व में 117 स्कूटियों का वितरण किया जा चुका है। जिले में अब तक कुल 292 दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई है।

### जनता क्लिनिक का शुभारंभ, बढ़ेगी चिकित्सा सुविधा



**जयपुर।** आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में सीताराम अग्रवाल ने वार्ड 6 पण्डित जी का चौराहा पर जनता क्लिनिक का शुभारम्भ किया। स्थानीय पार्षद महेश अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में चिकित्सा क्षेत्र की कोई भी व्यवस्था नही थी। जनता क्लिनिक के शुभारम्भ से वार्डवासियों को राहत मिलेगी, साथ ही वार्ड में रात्रि के समय अंधेरे के कारण होने वाली असामाजिक घटनाओं के निजात के लिए वार्ड के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाईटों का शुभारम्भ हुआ।

## चुनावों से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज, कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा को घेरा

# प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति के दौरों पर बरसे पवन खेड़ा

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है। उदयपुर में आए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के राजस्थान दौरों को लेकर सवाल उठाए हैं।





खेड़ा ने पीएम मोदी के सांवलियाजी में कन्हैया हत्याकांड पर राज्य सरकार को निशाने पर लेने के सवाल पर कहा कि कन्हैयाल हत्याकांड के हत्यारे अतारी व गौस भाजपा के कार्यकर्ता थे। पीएम उदयपुर की जनता व कन्हैया के परिवार से माफी मांगे। खेड़ा बोले कि प्रधानमंत्री बार-बार आएं, लेकिन यहां के माहौल को खराब करेंगे तो राजस्थान की जनता उनको माफ नहीं करेगी।

वह बोले कि समाज में जहर घोलने की हिंदू हो या मुसलमान कोई भी कोशिश करेगा, वह बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और न किया जाएगा।

वहीं खेड़ा ने उप राष्ट्रपति के दौरों को लेकर कहा कि उनका पद एक संवैधानिक हैं। उपराष्ट्रपति को राजनीति करने की आवश्यकता नहीं है। खेड़ा ने कहा कि वक्त आने पर इसका खुलासा करेंगे। वहीं खेड़ा ने कहा कि गहलोत के फेंके जाल में पीएम मोदी फंस गए। पीएम ने कहा था कि आपकी योजनाएं अच्छी हैं, बंद नहीं होंगी। कांग्रेस पूछना चाहती है जब योजनाएं अच्छी हैं तो आपकी जरूरत क्या है, हम आ जाएंगे वापस। खेड़ा ने कहा कि वे सीएम अशोक गहलोत के फेंके जाल में फंस गए।

### सीपी जोशी ने पवन खेड़ा से मांगा जवाब

पवन खेड़ा के आरोपों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सवाल करते हुए उनसे जवाब मांगा हैं। जोशी ने कहा कि जब उदयपुर में कन्हैयालाल को धमकियां मिलीं, तब किसकी सरकार थी। कौन कन्हैयालाल पर दुकान खुलवाने के लिए दबाव बनाने गया। किस सरकार के अधिकारी थे। हत्या करने वालों ने वीडियो जारी किया, यह सब हुआ तब किसकी सरकार थी। जोशी ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जयपुर की एक घटना पर तो 50 लाख और सरकारी नौकरी सब मिल गया और उन्हें यहां उदयपुर आते हुए मौत आ रही थी। जोशी ने कहा कि कांग्रेस के यह नेता कहीं न कहीं गलत बयानबाजी करके अपने पापों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। जनता इनकी हकीकत जानती है। जोशी ने कहा कि पवन खेड़ा को इन सबका जवाब देना चाहिए।

### जोशी बोले- हिसाब कर देगी जनता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में ही जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी बरी हुए हैं, यह सरकार सुप्रीम कोर्ट का एक वकील खड़ा नहीं कर सकी, इनके डबल एजी 48 दिन तक पेश नहीं हुए। राम के नारे लगाने वालों पर प्रतिबंध लगाने, भगवा पताका पर प्रतिबंध लगाने का कौन जिम्मेदार है? जोशी ने कहा कि 2023 में जनता कांग्रेस से जवाब मांगेगी और हिसाब भी कर देगी।

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी ने सीएम को बताया घोषणावीर

# भाजपा ने प्रदेश में बढ़ते अपराध पर मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा

### गहलोत सुबह जो घोषणा करते हैं, उन्हें शाम तक याद नहीं रहता: अरुण सिंह

### ■ महिलाओं के खिलाफ नहीं थम रहे अपराध: डॉ. अल्का

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में अपराधों को मामलों को मुद्दा बनाते हुए भाजपा लगातार कांग्रेस पर जुबानी हमला बोल रही है। जयपुर में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह और राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने प्रदेश में लगातार बढ़ते महिला अपराधों को लेकर सीएम अशोक गहलोत का इस्तीफा मांगा है। सिंह ने कहा कि भगवान इनको माफ नही करेगा। इनके राज में कानून व्यवस्था पूरी तहर फेल हो चुकी है।

इनका मुस्कराता चेहरा पोस्टर्स में दिखता है, लेकिन जनता और गुस्सा हो रही है। किसी को राहत नहीं मिलने से महिला, किसान, युवा सब गुस्से में हैं। सिंह ने कहा कि जिस तरह से इस सरकार में हर दिन बच्चियों और महिलाओं के साथ में जो अन्याय हुआ है, उससे यह प्रदेश की जनता बर्दाश्त करने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री व गृहमंत्री गहलोत स्वयं नैतिकता के आधार पर जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दें नहीं, तो चुनाव में ज्यादा दिन दूर नहीं है, जनता उन्हें हटा देगी।



### 39 सदस्सीय भाजपा मीडिया टीम की घोषणा

वहीं प्रदेश भाजपा ने मीडिया विभाग कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रदेश कार्यकारिणी एवं संभाग संयोजकों व सह संयोजकों की 39 नामों की घोषणा की। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ कार्यकारिणी में दो सह संयोजक, एक डिबेट प्रभारी,एक कार्यालय प्रभारी व 16 सदस्य, सात संभाग संयोजक, नौ सह संयोजक बनाए हैं।

### जनता कांग्रेस के खिलाफ

प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि सीएम गहलोत को मालूम है कि सत्ता में नहीं आने वाले हैं। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार के खिलाफ है, लेकिन रोज आकर कोई ना कोई घोषणा कर जाते हैं। गहलोत सुबह जो घोषणा करते है उन्हें शाम तक खुद को याद नहीं रहता।

### प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या करने पर मजबूर: गुर्जर

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में नाबालिग बच्चियां दुष्कर्म व प्रताड़ना से त्रस्त होकर सिसकियां भर रही हैं और आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बढ़ते महिला अपराध की घटनाओं के बावजूद प्रदेश की गूंगी बहरी महिला विरोधी कांग्रेस सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अब कांग्रेस सरकार की विदाई तय हो चुकी है। गुर्जर ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश अपराध में मामलों में नंबर एक पर है। बीते 54 महिनों में 10 लाख से ज्यादा महिला उत्पीड़न की घटनाएं जिसमें 32 हजार से ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं हैं और इसमें 15 हजार से ज्यादा नाबालिग दुष्कर्म के मामले शामिल हैं।

### ओम माथुर से सीपी जोशी ने की चुनावी मंत्रणा

वहीं शनिवार को भाजवा के वरिष्ट नेता और छतीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर जयपुर पहुंचे। इनसे इनके निवास पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी ने कई देर तक चुनावी मंत्रणा की। वहीं माथुर के आवास में कई टिकट के दावेदार भी पहुंचे जिन्होंने अपना बायोडाटा माथुर को दिया।

## एशियाड में पदक जीतने पर जताई खुशी

# डीजीपी उमेश मिश्रा ने दी पुलिस के खिलाड़ियों को बधाई





**बेधड़क | जयपुर**

एशियाड गेम्स में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतने पर पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने शनिवार को बधाई दी।

डीजीपी मिश्रा ने एशियाड में अब तक राजस्थान पुलिस के 6 खिलाड़ियों सहित राजस्थान के 12 पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने शेष प्रतियोगिताओं में भी भाग ले रहे राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

मिश्रा ने खिलाड़ियों के साथ ही उनके प्रशिक्षकों, खेल अधिकारियों और टीम प्रबंधक को भी इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस के एशियाड पदक विजेता राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने पुलिस के साथ ही प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि एशियाड में अब तक राजस्थान पुलिस के 6 खिलाड़ी पदक जीत चुके हैं। एशियाड में स्वर्ण पदक विजेता पुरुष कबड्डी टीम में सचिन तंवर राजस्थान पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

वहीं महिला कबड्डी स्वर्ण पदक जीतने वाली 12 खिलाड़ियों की टीम में 4 खिलाड़ी उपनिरीक्षक निधी शर्मा व सुषमा शर्मा और प्लाटून कमांडर साक्षी कुमारी व मुस्कान मलिक राजस्थान पुलिस की हैं। उपाधीक्षक शालिनी पाठक इनकी कोच हैं।

राजस्थान पुलिस की ही उपनिरीक्षक किरण बालियान ने शॉटपुट में कांस्य पदक जीता है।

## राज्य सरकार ने दी बेरोजगारों को सौगात

# राजस्थान में कनिष्ठ अनुदेशक के 2,500 पदों पर होगी भर्ती, सीएम ने दी स्वीकृति

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश मे तकनीकी शिक्षा (प्रशिक्षण) आईटीआई विभाग में विभिन्न व्यवसायों एवं विषयों के कनिष्ठ अनुदेशक के 2500 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम-1975 (संशोधित) के तहत की जाएगी। भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को स्वीकृति दी हैं। हालांकि यह भर्ती अब आगामी सरकार में ही हो पाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से संबंद्ध पुनर्वास एवं अनुसंधान केन्द्र जयपुर के लिए 14 विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। स्वीकृत पदों में फिजियोथैरेपिस्ट के 8, कनिष्ठ सहायक के 2 तथा साइकोलॉजिकल काउंसलर, सूचना सहायक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट के 1-1 पद शामिल हैं।

जैसलमेर की पंचायत समिति सम के 12 ग्राम पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत समिति जैसलमेर के 2 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाएंगे। वहीं चित्तौड़गढ़ की पंचायत समिति भदेसर के उप जिला अस्पताल, मण्डफिया में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए शैय्याओं में वृद्धि होगी।

### स्वास्थ्य केन्द्र होंगे क्रमोन्नत

उदयपुर की मावली पंचायत समिति के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घासा व इंटाली, पंचायत समिति फलासिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पानरवा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाएगा। जोधपुर की पीपाड शहर पंचायत समिति के उप स्वास्थ्य केन्द्र बुचकला को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाएगा। साथ ही, उदयपुर की जयसमंद पंचायत समिति के उप स्वास्थ्य केन्द्र सेमाल तथा सलूम्बर पंचायत समिति के उप स्वास्थ्य केन्द्र खरका को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत कर प्रत्येक में 9 नवीन पदों का सृजन किया जाएगा।

## जिले के गठन को लेकर मुख्यमंत्री का जताया आभार

# कुचामन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम गहलोत से की मुलाकात

**बेधड़क | जयपुर**

कुचामन से आए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीएमआर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। नावां विधायक महेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने कुचामन जिले के गठन के लिए सीएम गहलोत को धन्यवाद दिया।

गहलोत ने कहा कि लम्बे समय से कुचामन जिले के गठन की मांग उठ रही थी। इस निर्णय से डीडवाना एवं कुचामन में जिला मुख्यालय को लेकर चल रहे सवाल का भी पटाक्षेप हो गया है। नए जिले गठित करने के लिए बनाई गई समिति द्वारा कुचामन के सीमांकन का कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटी प्रशासनिक ईकाइयों से सुशासन सुनिश्चित होता है और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचते हैं।




रामलुभाया समिति से सिफारिश प्राप्त होने पर भविष्य में और नए जिलों का गठन किया जा सकता है। चौधरी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए कुचामन जिले के गठन को स्वीकृति दी हैं।

## 53 आरएएस अधिकारियों के तबादले

# पांच लाख की रिश्वत मामले में सस्पेंड हो चुके सांखला को मिली पोस्टिंग

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में आचार संहिता लगने के कुछ दिन पहले ही बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले हुए हैं। शुक्रवार देर रात को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर 53 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। सूची में 27 को उपखंड अधिकारियों के पद पर लगाया गया है।

सूची में 5 लाख की रिश्वत मामले में पकड़े गए आरएएस अधिकारी अशोक सांखला को भी सरकार ने पोस्टिंग दी है। सस्पेंड होने के बाद उन्हें सरकार ने बहाल करके एपीओ रखा था। सांखला को डिप्टी डायरेक्टर महिला एवं बाल विकास करौली में लगाया है। रिश्वत मामले में पकड़े जाने के बाद सांखला को 67 दिन जेल में रहना पड़ा था। सूची में महेन्द्र कुमार खिंची, निदेशक, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, छोगाराम देवासी को सीईओ जिला परिषद उदयपुर, रचना भाटिया को अतिरिक्त आयुक्त उपनिवेशन (सतर्कता) बीकानेर, भावना शर्मा को अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम कोटा उत्तर, कैलाश चंद्र शर्मा को सीईओ नाथद्वारा मंदिर मंडल, मेघराज सिंह मीणा को एडीएम भरतपुर, लोकेश कुमार मीणा को एडीएम चतुर्थ जयपुर, रामचन्द्र को डीआईजी मुद्रांक एवं पंजीयन (सतर्कता), अजमेर, राजेश जोशी को सचिव, यूआईटी उदयपुर, कृष्णपाल सिंह चौहान को एडीएम, सलूम्बर, रतन कुमार सीईओ जिला परिषद गंगानगर, सोविला माथुर प्रबंधक, रविन्द्र रंगमंच जयपुर, डॉ. प्रभा व्यास को जिला रसद अधिकारी (प्रथम) जयपुर, रविन्द्र कुमार शर्मा को अतिरिक्त आयुक्त एवं उप शासन सचिव पंचायती राज विभाग जयपुर, अशोक कुमार मीणा को राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ़, यशपाल आहूजा को आयुक्त, नगर परिषद गंगानगर, योगेश कुमार डागुर को एडीएम कोटपूतली, प्रियवत सिंह चारण को रजिस्ट्रार, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर, रविन्द्र कुमार को एडीएम कुचामनसिटी, दुर्गा शंकर मीणा को सीईओ जिला परिषद प्रतापगढ़, ओम प्रभा को उपायुक्त, जेडीए जयपुर, संजू पारीक को उपायुक्त, नगर निगम हैरिटेज जयपुर, दिवांशु शर्मा को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिलिंग) न्यायालय कोटा, हर्षित वर्मा को उपसचिव, यूआईटी कोटा, सरिता मल्होत्रा को सहायक कलेक्टर, टोंक, सरिता को आयुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण, डॉ. नीलम मीणा को उपायुक्त नगर निगम जोधपुर दक्षिण, मधुलिका सींवर को सहायक भू-प्रबंध अधिकारी, जोधपुर लगाया गया हैं। वहीं सूची में कमला अलारिया और संघमित्रा को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया हैं।

### ये एसडीएम बदले

सूची में उपखंड अधिकारी के पद पर प्रकाश चन्द्र रैगर को सराडा सलूम्बर, विनोद कुमार मीणा को कांमा (डीग), पंकज शर्मा को भीनमाल, रामसिंह राजावत को बसेड़ी धौलपुर, विवेक व्यास को बायतू, विजेन्द्र कुमार मीणा को दीगोद, केशव कुमार मीना को मलारना डूंगर, सुनील कुमार को साबला, सीता शर्मा को विजय नगर, प्रमोद कुमार को सिणधरी, सुप्रिया को लाडनूं, दिनेश कुमार मीणा को गंगधार, ओम प्रकाश थानवी को मांगरोल, सोहन सिंह नरूका को बदनोर, मनोज सोलंकी को देसूरी, दिनेश शर्मा को सेपऊ, सुमन शर्मा को नारायणपुर, विनीता स्वामी को बौंली, राधेश्याम मीणा को गंगापुरसिटी, सिद्धार्थ सांदू को रानी, पूनम को खींवसर, सुनील कुमार, (प्रथम)उपखण्ड अधिकारी, कपिल कुमार कोठारी को धरियावाद, भारती फूलफकर को रायसिंहनगर लगाया गया है।

### सात पुलिस उपाधीक्षक इधर-उधर

शनिवार को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस(कार्मिक) ने उप पुलिस अधीक्षक स्तर के 7 अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। सूची मे भवानी सिंह शेखावत को सहायक पुलिस आयुक्त साईबर क्राइम पश्चिम जयपुर कमिश्नरेट, गिरधर सिंह को सीओ मकराना, प्रदीप कुमार गोयल लीव रिजर्व सीआईडी सीबी, हरिचरण मीणा लीव रिजर्व सीआईडी सीबी, इरफान अली को लीव रिजर्व आरपीए जयपुर, रोहित चावला सहायक पुलिस आयुक्त एससी एसटी सेल जयपुर, रणवीर सिंह को लीव रिजर्व महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज लगाया गया है।

### जयपुर ग्रामीण में भी हुए ट्रांसफर

विधानसभा चुनाव से पहले एसपी डॉ. राजीव पचार ने ग्रामीण पुलिस में फेरबदल किया है। शनिवार को पचार ने 3 सीआई और एक सब इंस्पेक्टर का तबादला किया। जिसमें सवाई सिंह को थानाधिकारी चंदवाजी, महेंद्र सिंह को गोविंदगढ़, सुगन सिंह को यातायात और धर्मसिंह को थानाधिकारी जोबनेर लगाया गया है।

## जरूरी खबर

### नर्सेज नेताओं का अनशन 9वें दिन भी रहा जारी



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहे नर्सेज का आमरण अनशन शनिवार को भी जारी रहा। प्रवक्ता अनेश सैनी ने बताया कि 9 दिन से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे नर्सिंगकर्मी एसएमएस हॉस्पिटल के एडवांस आईसीयू में भर्ती है। इसमें राजेंद्र सिंह व केके यादव शमिल हैं। वहीं, पवन मीना, धन्ना राम नैन, महिपाल सामोता एवं शक्ति सिंह के स्वास्थ्य में गिरावट आई है। सैनी ने बताया 47 दिनों के ध्यान आकर्षण धरने के बाद 1 सितंबर को एसीएस स्तर की वार्ता के बाद भी कोई आदेश जारी नहीं होने से नाराज नर्सेज आंदोलन कर रहे हैं। हमारी राज्य सरकार से नर्सेज ने हाई पॉवर समिति की अनुशंसा को जल्दी से जल्दी लागू करवाने की मांग है।

### चिकित्सक शिक्षकों का अधिवेशन आज



**जयपुर।** नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन जयपुर इकाई की ओर से पश्चिम क्षेत्र के चिकित्सक शिक्षकों का अधिवेशन रविवार को हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में होगा। इस कार्यक्रम में एनएमओ के राष्ट्रीय पदाधिकारी और एनएमसी के चेयरमैन सहित अन्य सदस्य भाग लेंगे। सचिव डॉ. गिरधर गोयल, अध्यक्ष डॉ. दीपक माहेश्वरी, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. सुरेश बैरवा, डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि इस अधिवेशन में एनएमसी द्वारा किए जा रहे नवाचारों से चिकित्सक शिक्षकों को अवगत कराया जाएगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**एएनएम भर्ती:** परिणाम में गड़बड़ियों को लेकर अभ्यर्थियों ने दिया सीफू के बाहर अनिश्चितकालीन धरना

# कम नंबर वालों का चयन सूची में नाम, ज्यादा वाले बाहर

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभ्यर्थियों ने शनिवार को कार्यालय के बहार प्रदर्शन किया।

आवेदन करने वाली एएनएम अभ्यर्थियों का आरोप है कि सूची में कम नंबर वालों का चयन कर लिया, जबकि ज्यादा नंबर वालों का चयन सूची से बाहर कर दिया गया। अधिकारियों ने मनमर्जी से बिना कारण बताए करीब चौबीस सौ अभ्यर्थियों का परिणाम होल्ड पर डाल दिया। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के समय सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद भी सीफू ने परिणाम जारी नहीं किया। ऐसे में अभ्यर्थियों का भविष्य खराब हो रहा है।



### एसीएस से वार्ता

एएनएम अभ्यथियों शनिवार को सीफू के सामने धरना दिया। शाम को पुलिस ने अभ्यर्थियों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह से वार्ता करवाई, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता में शामिल एक महिला अभ्यर्थी ने बताया कि एसीएस ने वार्ता में कहा कि डॉक्यूमेंट की जांच करने में समय लग रहा है। इसलिए आधा रिजल्ट जारी किया गया है। एक-दो महीने लगेंगे। एक साथ परिणाम जारी नहीं किया सकता। इसके बाद एक साथ जॉइनिंग दी जाएगी।

### बाहरी डिग्री होने पर रोका परिणाम

राजस्थान संविदा एएनएम यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष नीतू चौधरी ने बताया कि अधिकारीयों ने परिणाम जारी करने में भारी लापरवाही बरती है। परिणाम में कुल 4847 में से आधे अभ्यर्थियों का ही परिणाम जारी किया गया। बताया जा रहा है कि बाहरी राज्य की डिग्री बताकर परिणाम रोका गया है, जबकि जारी सूची में कईयों की डिग्री तो प्रदेश के कॉलेज की है। फिर भी परिणाम को रोक दिया गया। इससे हमारी परमानेंट नौकरी का सपना टूट रहा।

### आचार संहिता से पहले आए रिजल्ट

फार्मासिस्ट भर्ती के अभ्यर्थियों की ओर से परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना शनिवार को भी जारी रहा। अभ्यर्थियों ने आचार संहिता लगने से पहले परिणाम जारी करने की मांग रखी। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके साथ की सभी भर्तियों का परिणाम जारी कर दिया गया, लेकिन उनकी भर्ती का परिणाम बेवजह रोक रखा गया है।

### एक सप्ताह के भीतर सूची देना रिकॉर्ड

वार्ता के बाद शुभ्रा सिंह ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के एक सप्ताह के भीतर ही समस्त 7 कैडरों की 18 हजार अभ्यर्थियों को अंतरिम वरीयता सूचियां जारी करना एक रिकॉर्ड है। अभी तक सीफू द्वारा जारी की गई अंतरिम वरीयता सूची में जिन अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया, उनमें अन्य राज्यों से व्यावसायिक योग्यता होना, संबंधित कौंसिल से रजिस्ट्रेशन का सत्यापन, दिव्यांगों का मेडिकल परीक्षण सहित कई कारणों से रोका गया है।

**जीतो कनेक्ट के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

# प्रदेश में निवेश का अनुकूल माहौल 55% MOU हुए साकार: गहलोत

**बाबा रामदेव ने दिए धन योग के सूत्र, कारोबार की चुनौतियों से निपटने पर मिला मार्गदर्शन**

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने सेवा ही कर्म-सेवा ही धर्म के ध्येय को अपनाते हुए हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कार्य किए हैं। इन्वेस्ट राजस्थान में हुए लगभग 11 लाख करोड़ रुपए के एमओयू, एलओआई में से करीब 55 प्रतिशत धरातल पर आगे बढ़े हैं। यह राज्य के उज्ज्वल भविष्य के शुभ संकेत हैं।

गहलोत जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्विवार्षिक कार्यक्रम जीतो कनेक्ट 2023 में शनिवार को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि चाहे पीढ़ियों से राज्य के बाहर रह रहे हो, लेकिन राजस्थानी समुदाय के लोग अब भी अपनी माटी से जुड़े हैं। उन्होंने करीब 25 साल पहले राजस्थान में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें हुए अनेक एमओयू धरातल पर भी आए और राज्य में निवेश भी हुआ।

उन्होंने राज्य में निवेश की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान उत्तर भारत में निवेश ही नहीं अनेक मामलों में नम्बर वन पर है। दूसरे दिन जीतो कनेक्ट में तकनीकी सत्रों का भी आयोजन हुआ, जिसमें शामिल योग गुरु बाबा रामदेव ने विश्व भर से आए जैन समुदाय के लोगों को मन, तन को स्वस्थ रखने के साथ धन योग की भी चर्चा की। अन्य तकनीकी सत्रों ने अनिल सिंघवी और नवनीत मुनोत ने पूंजी बाजार की मौजूदा स्थिति और भविष्य को लेकर चर्चा की।



### कॅरियर निर्माण में जीतो की अहम् भूमिका

जीतो कनेक्ट 2023 को संबोधित करते हुए खान, पेट्रोलियम और गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने बताया कि युवाओं के कॅरियर निर्माण में भी जीतो की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति मजबूत है। इसका श्रेय शेखावाटी के सेठ साहूकारों को दिया जा सकता है, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा। योग गुरु बाबा रामदेव ने पत्रकार अनिल सिंघवी के साथ विशेष सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि तन और मन स्वस्थ रहेगा तो धन का योग स्वत: बन जाएगा। बाबा रामदेव ने जैन समाज को मिल जुल कर रहने का संदेश भी दिया और कहा कि आपस में टांग खिंचाई से बचे।

### राजस्थान में विकास की हवा

इससे पूर्व जीतो कनेक्ट-2023 की सह संयोजक सलौनी जैन ने स्वागत सम्बोधन दिया और आज होने वाले विशेष सत्रों के विशेषज्ञों की जानकारी दी। जीतो अपेक्स के निदेशक गणपत लाल चौधरी ने बताया कि जीतो की शुरुआत 17 साल पूर्व हुई थी, इसके सदस्यों में करीब 80 फीसदी राजस्थान मूल के हैं। कार्यक्रम को राजस्थान फाउण्डेशन के अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्थान में विकास की हवा चल रही है। अंत में संयोजक विमल सिंघवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा कैपिटल मार्केट को लेकर आयोजित तकनीकी सत्रों में पत्रकार अनिल सिंघवी, एचडीएफसी एमएमसी के एमडी नवनीत मुनोत, समीर अरोड़ा आदि ने संबोधित किया। फिल्म अभिनेत्री विद्या बालन का भी विशेष तकनीकी सत्र आयोजित हुआ।

**कॉलेज में प्रवेश लेने वाली पहली ट्रांसजेंडर**

# परिवारजनों और टीचर ने किया था हैरेसमेंट



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पहली ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को राजस्थान विश्वविद्यालय के महारानी कॉलेज में प्रवेश मिलने के बाद शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। नूर ने बताया कि राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय, जिसने ट्रांसजेंडर को बैचलर में एडमिशन दिया है। नूर का पहला बर्थ सर्टिफिकेट व जनाधार कार्ड बनने के बाद ही प्रवेश मिल सका।

नूर ने बताया कि पहले परिवार से लेकर टीचर तक ने मेरा हैरेसमेंट किया। यहां तक कि परिवार के सदस्यों तक ने नहीं छोड़ा। नूर ने कहा कि भूकंप की सूचना अपनी माता को देने पर मेरी मां ने कहा कि तुम्हारे जैसी औलाद पैदा होना भूकंप से कम है क्या? वहीं नूर ने कहा कि किन्नरों आशीर्वाद तो सबको चाहिए पर घर में जन्म देना कोई नहीं चाहता। विश्वविद्यालय में प्रवेश तक के सफर में किन्नर समुदाय पर शोध कर रहे श्योराज गुर्जर का विशेष सहयोग रहा। वहीं, महारानी में प्रवेश को लेकर कुश शर्मा ने गाइड कर कागजी कार्यवाही में सहायता की।

नूर शेखावत को महारानी कॉलेज में विशेष अनुमति पर प्रवेश दिया है। शुक्रवार को शेखावत ने महारानी कॉलेज के बीए पास कोर्स में प्रवेश लेकर फीस का भुगतान किया। गौरतलब है कि प्रदेश का यह पहला मामला है जब किसी ट्रांसजेंडर का किसी कॉलेज में प्रवेश हुआ हैं। केंद्रीय प्रवेश समिति के अनुशंसा के बाद विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद ने प्रवेश को लेकर मुहर लगाई थी, जिसके बाद कुलपति ने प्रवेश को लेकर अनुमति दी थी।

### उनका प्रचार, शहर की सुंदरता पर दाग




*जयपुर। जयपुर को सुंदर एवं स्वच्छ रखने के लिए खास जगहों पर चित्रकारी एवं गुलाबी रंग से जयपुर की सुंदरता में चार चांद लगाने का काम किया जाता है, लेकिन कुछ लोग इसे बदरंग करने पर तुले हैं। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर और विधायकी के भावी उम्मीदवारों ने चुनावी प्रचार के लिए जगह-जगह पोस्टर चस्पा दिए हैं। फोटो सहकार भवन स्थित अंडर पास की दीवार का है, जिसकी सुंदरता पर उनका प्रचार बदरंग दाग बन रहा है।* -फोटो: राजेश कुमावत

**आज जयपुर में एक जाजम पर जुटेंगे विप्रजन**

# राजनीति नहीं, सिर्फ समाज की होगी बात

**बेधड़क** | जयपुर

विप्रजनों के विकास और और उन्हें समाज में उचित स्थान दिलवाने के उद्देश्य से समस्त प्रबुद्ध विप्रसमाज की ओर से जयपुर में प्रबुद्ध विप्रजन विचार गोष्ठी का आयोजन रविवार को सुबोध लॉ कॉलेज ऑडिटोरियम, शिप्रा पथ, मानसरोवर में होगा।

प्रबुद्ध विप्र जन गोष्ठी का समय 10बजे से 1 तक रहेगा। यह 'गैर राजनीतिक' गोष्ठी होगी, जहां समाज का हर वर्ग शामिल होगा और अपने विचार रखेगा वही समाज उत्थान के लिए किया जा सकने वाले प्रयासों पर चर्चा करेगा। कार्यक्रम में मातृ शक्ति को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्थाओं का जिम्मा उन्ही को दिया गया है। महिलाएं और बालिकाएं ही यहां दीप प्रज्ज्वलन से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को संभालेंगी। इसे राजनीति से दूर रखने के लिए किसी भी प्रकार की राजनैतिक चर्चा को गोष्ठी का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। साथ ही किसी का भी स्वागत सत्कार, प्रोटोकॉल आदि भी नही किया जाएगा। इसी बीच कार्यक्रम में एक विश्व रिकॉर्ड बनाने की भी कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम में हरिप्रसाद शर्मा आईपीएस, जीपी शुक्ला पूर्व कलेक्टर, मनोज शर्मा पूर्व आईएएस, भागीरथ शर्मा पूर्व आईएएस, पूर्व आईएएस श्याम सिंह राजपुरोहित, पूर्व आईपीएस आनंद वर्धन शुक्ला, पूर्व आर ए एस गिरीश पाराशर विनोद पारीक डॉ अलका गॉड डॉ आशीष गॉड डॉ आलोक तिवाड़ी, डॉ हेमलता शर्मा पूर्व IRS नरेंद्र गॉड, वर्तमान आरएएस जीएल शर्मा आदि शामिल होंगे, आर पी एस दिनेश शर्मा, विधिवेत्ता सुशील पारीक, पूर्व आर पी एस नटवरलाल शर्मा सहित अनेक अधिकारी व अन्य सभी प्रबुद्ध लोग सम्मिलित होंगे।



**एसीबी ने नगर परिषद भिवाड़ी के तत्कालीन सभापति समेत अन्य पर केस दर्ज किया**

# ट्रैक्टर टायर-ट्यूब के फर्जी बिलों से 6 करोड़ का घोटाला

**बेधड़क** | जयपुर

लोहे के ट्री गार्ड खरीदना और ट्रेक्टरों में टायर-ट्यूब डालने समेत अन्य कामकाज के फर्जी बिल बनाकर एक तत्कालीन सभापति ने आयुक्त व कैशियर के साथ मिलकर 6 करोड़ रुपए का घोटाल कर दिया। रोकड़ बही में फर्मों को अग्रिम भुगतान करना दिखाया, जबकि वाउचर में टायर-ट्यूब डलाने और लोहे के ट्री गार्ड खरीदने की एंट्री की गई। मामला नगर परिषद भिवाड़ी का है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने तिजारा विधायक संदीप यादव की शिकायत की प्राथमिक जांच करने के बाद आरोपी तत्कालीन सभापति संदीप दायमा, तत्कालीन कमिश्नर राघव सिंह मीणा और तत्कालीन कैशियर सवाई सिंह भाटी के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल भ्रष्टाचार सामने आने के बाद संयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग ने एक ऑडिट के आधार पर एसीबी को जांच के लिए लिखा था। एसीबी ने प्राथमिकी जांच दर्ज करके प्रकरण का अनुसंधान किया तो वर्ष 2018 से 2020 के दौरान सभापति संदीप दायमा, आयुक्त राघव सिंह मीणा व कैशियर सवाई सिंह भाटी द्वारा करोड़ों रुपए के फर्जी बिल अलग-अलग फर्मों के नाम से बनाए जाने की पुष्टि हुई। जांच के बाद अब एसीबी ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।




### बिल बिना प्रमाणित किए ही कर दिए पास

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अलग-अलग फर्मों को बिलों को प्रमाणित किए बिना ही भुगतान कर दिया। नोटशीट पर सभापति के हस्ताक्षर नहीं हैं। कार्यों के आदेश में आयुक्त के हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर व मोहर का फोटो स्टेट की तरह प्रयोग किया गया। नोटशीट पर फर्मों को किए गए भुगतान व और टैंडर की तिथि अंकित नहीं है। स्टोक रजिस्ट्र में कोई एंट्री नहीं है। भुगतान के लिए जाली बिलों को प्रयोग किया गया है।

### नाम किसी का, भुगतान किसी और को

एसीबी की पड़ताल में सामने आया कि बिलों में अंकित टिन नंबर व जीएसटी नंबर भुगतान की गई फर्मों के थे ही नहीं। टिन नंबर व जीएसटी नंबर अन्य दूसरी फर्मों के थे। आरोपियों ने ऐसे करीब 3.32 करोड़ रुपए के फर्जी बिल बनाए हैं। एसीबी ने विभाग से जांच के लिए दस्तावेज ले लिए है।

# कला साहित्य व संगीत रहित मनुष्य पशुतुल्य



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ परिसर में पन्द्रह दिवसीय संस्कृत आधारित स्वरोजगार आर्ट एवं क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य मुख्य अतिथि डॉ. सरोज कोचर अध्यक्ष राजस्थान संस्कृत अकादमी कोचर ने मानवीय जीवन में आर्ट एवं क्राफ्ट को स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. राजकुमार जोशी ने बताया कि मंचासीन अतिथि महामंडलेश्वर ज्ञानेश्वर पूरी, प्रो. ताराशंकर पांडे, कुलपति कल्ला जी वैदिक विवि, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने आर्ट एवं क्राफ्ट के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल आर्ट एण्ड क्राफ्ट विषय वस्तु की प्रासंगिकता पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कला साहित्य व संगीत रहित मनुष्य को पशुतुल्य बताया।

## जरूरी खबर

### दिव्यांग क्रिकेट टीम कल होगी बांग्लादेश रवाना



**टोंक।** बांग्लादेश में 12 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली दिव्यांग भारत-बांग्लादेश मैत्री क्रिकेट सीरीज में भाग लेने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम बांग्लादेश के लिए सोमवार को रवाना होगी। बोर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के संयुक्त सचिव व क्रिकेट सीरीज के संयोजक रवि बंजारा ने बताया कि भारतीय टीम में टोंक के रोहन रघुवंशी, हरिंदर शर्मा कोटा, सांवरिया शर्मा गंगानगर एवं अजमेर के रजनीश मारू को शामिल किया गया है। टीम बांग्लादेश के लालमोनीघाट क्रिकेट स्टेडियम में दो वन-डे व तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### 67वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टोंक।** जिला स्तरीय 67वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य जवाली सुश्री उमा हाड़ा की ओर से किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजेश महावर ने बताया कि फाइनल मैच 19 वर्षीय बालक वर्ग में खेला गया। इसमें कोठीनाताम ने 95 रन बनाते हुए विवेकानंद पब्लिक स्कूल 13 रन से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बीना लसारिया को माला व शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर निर्णायक संयोजक अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र, रामकिशोर, रमेश चंद आदि मौजूद रहे।

### दस हजार का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार



**धौलपुर।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को धौलपुर जिले में एक 10 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा है। आरोपी कैलाशी गुर्जर जिले के थाना सदर इलाके में घड़ी सादरा गांव का रहने वाला है। डकैती व आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी कैलाशी गुर्जर के बारे में क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य कांस्टेबल नरेश कुमार को सूचना मिली थी। इसके बाद टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**लुटेरों का आतंक:** हेलमेट और मास्क लगाए आरोपियों ने दी बैंक को उड़ाने की धमकी, घटना सीसीटीवी में कैद

# बंदूक दिखाकर बैंक से चार लाख रुपए लूट ले गए बदमाश

■ कर्मचारियों को धमकाकर कर दिया कमरे में बंद, इलाके में फैली दहशत

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ में शनिवार को दिन-दहाड़े बदमाशों ने बैंक लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने बंदूक दिखाकर कर्मचारियों बंधक बनाया और कुछ ही देर में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दिन-दहाड़े हुई इस वारदात से लोगों में खौफ फैल गया। हेलमेट और मास्क लगाकर बैंक में घुसे बदमाशों ने बैंक को उड़ाने की धमकी देकर, बंदूक के दम पर करीब 4 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। लूटेरों की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची मदनगंज थाना पुलिस, जिला स्पेशल टीम मामले की जांच में जुट गई है। सीओ सिटी मनीष शर्मा ने बताया कि किशनगढ़ के खोड़ा गणेश रोड स्थित इंडियन बैंक में दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई है। वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं पुलिस सरगर्मी से बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।






#### कैश काउंटर से रुपए बैग में भरे और फरार

बैंक कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि दोनों बदमाशों ने बंदूक के दिखाते हुए सभी कर्मचारियों को धमकाया और बाद में सभी को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश कैश काउंटर पर पहुंचे और करीब 4 लाख रुपए की नकदी अपने बैग में भर ली। इसके बाद एक बदमाश ने बैंक मैनेजर के केबिन में जाकर बैंक लॉकर की जानकारी मांगी। इस पर मैनेजर ने बैंक में लॉकर नहीं होने की बात कही। इसके बाद दोनों बदमाश रुपयों से भरा बैक लेकर फरार हो गए। बैंक कर्मचारियों ने किसी को बुलाकर केबिन का दरवाजा खुलवाया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, सीओ सिटी मनीष शर्मा, मदनगंज थाना प्रभारी घनश्याम सिंह और जिला स्पेशल टीम मौके पर पहुंची। घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

#### बैंक कर्मचारियों ने हेलमेट हटाने को कहा तो दिखा दी बंदूक

बैंक कर्मचारी पवन मित्तल ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे दो बदमाश बैंक में पहुंचे। इन दोनों ने मुहं पर मास्क और हेलमेट लगा रखा था। बैंक में अंदर आने के बाद जब वे काउंटर पर पहुंचे तो बैंक कर्मचारियों ने उन्हें हेमलेट हटाने के लिए बोला। इसके बाद बदमाशों ने अपने कारगुजारी शुरू कर दी। हेलमेट हटाने के लिए कहने पर बदमाशों ने जेब से बंदूक निकालकर कर्मचारियों दिखाई और उन्हें धमकाते हुए चुपचार बैठे रहने को कहा।

**मौत कर रही थी इंतजार:** जा रहा था बहन की सहेली को घर छोड़ने

# ग्यारह हजार केवी का तार टूटकर गिरने से जिंदा जले युवक-युवती

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले में एक रूह कंपा देने वाला हादसा सामने आया है। इसमें बाइक सवार युवक-युवती 11 हजार केवी का तार टूटकर गिरने से जिंदा जल गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिंघाना थाना क्षेत्र के चितोसा-पुहानिया मार्ग की है, जहां 11 हजार केवी का तार टूटकर एक बाइक पर गिर गया। बिजली का तार बाइक पर गिरने से उसपर सवार युवक-युवती की जिंदा जलकर मौत हो गई।

हादसे के बाद जिसने भी यह खौफनाक मंजर देखा वह सिहर उठा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को बाइक सवार युवती अपने परिचित के साथ चितोसा से पुहानिया जा रही थी। इसी दौरान इंसुलेटर में स्पार्किंग हो गई और बिजली का तार टूटकर नीचे गिर गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बाइक सवार युवक-युवती इसकी चपेट में आ गए।

इससे उनकी बाइक में आग लग गई और दोनों मौके पर ही जिंदा जल गए। घटना की सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। बुहाना डीएसपी गोपाल सिंह ने बताया कि मृतक प्रवीण (20) पुत्र देवेंद्र सिंह चितोसा का रहने वाला है। वहीं मृतका रवीना (20) पुत्री राजेंद्र पुहानिया की रहने वाली है। रवीना शुक्रवार दोपहर अपनी सहेली से मिलने के लिए चितोसा गांव आई थीं।

शाम होने पर उसकी सहेली ने अपने भाई से रवीना को उसके गांव छोड़कर आने के लिए कहा। इसके बाद प्रवीण शाम करीब छह बजे बाइक पर रवीना को लेकर कच्चे रास्ते से पुहानिया जा रहा था। जब प्रवीण और रवीना चितोसा और पुहानिया के बीच कच्चे रास्ते पर पहुंचे तो वहां 11 हजार केवी बिजली सप्लाई का तार टूटा हुआ पड़ा था, इसमें बाइक उलझने से करंट आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रवीना और प्रवीण दोनों कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहे थे।

सूचना पर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव मोर्चरी में रखवाए।



#### ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

करंट की चपेट से युवक-युवती की मौत के मामले में ग्रामीणों ने मृतक आश्रितों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग को लेकर चिड़ावा सिंघाना मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे पहले ग्रामीण सुबह से ही पुलिस थाना परिसर में मुआवजा और मृतक आश्रितों को नौकरी की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे। पुलिस के आला अधिकारियों ने समझाइस का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद ग्रामीणों ने सिंघाना चिड़ावा मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी समय से बिजली सप्लाई लाइन के तार लटके हुए थे। इनको ठीक करने के लिए विभाग को कई बार कहा था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। विभाग की इस लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है।

#### घर से एक किमी पहले ही हो गई मौत

पुलिस ने बताया कि इस दौरान करंट लगने से प्रवीण और रवीना की मौके पर ही मौत हो गई। रास्ता सुनसान होने के कारण कोई बचाने भी नहीं आया। ग्रामीणों ने दूर से धुआं उठता देखा तो घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। चितोसा से पुहानिया की दूरी 5 किलोमीटर है। इस दौरान 4 किलोमीटर का कच्चा रास्ता है। पुहानिया से 4 किलोमीटर पहले ये हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि प्रवीण अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता देवेंद्र मजदूरी करते हैं। रवीना, प्रवीण की बहन पुष्पा से मिलने के लिए चितोसा आई हुई थी। वहीं, रवीना के पिता राजेंद्र मजदूरी करते हैं। रवीना दिल्ली पुलिस में भर्ती के लिए चिड़ावा में कोचिंग कर रही थी। रवीना का एक छोटा भाई है।

**पुलिस ने 4 युवकों को** लिया हिरासत में

# छेड़छाड़ से परेशान दो बहनों ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**बेधड़क** | प्रतापगढ़



जिले में छेड़छाड़ से परेशान दो नाबालिग बहनों की ओर से आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। एक लड़की के पिता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाले लड़के उन्हें परेशान करते थे। लड़कियों का अपहरण भी किया गया। घटना शनिवार सुबह 7 बजे प्रतापगढ़ जिले के घंटाली थाना क्षेत्र की है।

दोनों बहनें जिले के पीपलखूंट थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा थीं। थाना अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि दोनों बहनें (14 और 16 साल) अपने घर से 15 किलोमीटर दूर पीपलखूंट थाना क्षेत्र में रहती थीं। पांच माह पहले ही यहां किराये पर कमरा लिया था। स्कूल में पढ़ने वाले चार लड़के जुलाई माह से उसके साथ छेड़छाड़ करने में लगे थे। चारों लड़के इन बहनों को परेशान करते थे।

16 वर्षीय नाबालिग के पिता ने बताया कि 5 अक्टूबर को उनकी भतीजी और बेटी स्कूल से लौट रही थीं। इस दौरान कुछ युवकों ने उसका अपहरण कर लिया और उसे प्रतापगढ़ शहर के नाकोड़ा नामक स्थान पर ले गए। यहां खाली प्लॉट में उन्हें छोड़ दिया। आस-पास के लोगों ने जब दोनों को बेहोश देखा तो उन्हें पीने के लिए पानी दिया और बाद में हमें फोन किया।

जब हम वहां पहुंचे तो दोनों बेटियां डरी हुई थीं। शुक्रवार को थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह दोनों ने जहर खा लिया। उन्हें प्रतापगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 14 साल की नाबालिग की मौत हो गई। वहीं 16 वर्षीय नाबालिग को उदयपुर रैफर कर दिया गया। प्रतापगढ़ से निकलने के 15 मिनट बाद रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। इस मामले में चार लड़कों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से एक बालिग है और बाकी तीन नाबालिग हैं।

**फलसूंड थाना क्षेत्र के मदुरासर गांव** के पास हुआ भीषण हादसा

# ट्रेलर-जीप की भिड़ंत, चार लोगों की मौत

■ एक ही परिवार के मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल

**बेधड़क** | जैसलमेर



जिले में ट्रेलर और जीप की जबरदस्त भिड़ंत में जीप सवार एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिला भी शामिल हैं। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे जोधपुर रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार हादसा जैसलमेर जिले के फलसूंड थाना क्षेत्र के मदुरासर गांव के पास शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। तेज रफ्तार ट्रेलर भुर्जगढ़ की तरफ से फलसूंड की ओर आ रहा था। वहीं जीप में सवार सभी लोग फलसूंड से जोधपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान मदुरासर गांव के पास सड़क में हुए एक गड्ढे के कारण ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया और वह बेकाबू होकर जीप से टकरा गया। इस भीषण सड़क हादसे में जीप में सवार 2 महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक को फलसूंड के राजकीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत के चलते उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए फलसूंड के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। फलसूंड पुलिस ने बताया के मृतकों की पहचान हनीफ खान पिता (55) मेहराब खान, रमजान खान (62) पिता सखी खान, सुरमो (45) पत्नी रमजान खान और हिदायतों (55) पत्नी मखने खान हैं।

सभी मृतक लोहारकी क्षेत्र के चांदसर गांव के निवासी है जों कि लोग एक ही परिवार के है और गाने बजाने का काम करता थे। चारों युवक अपने रिश्तेदार के घर बड़नवा जा रहे थे। वहीं घायल मखने खान पुत्र सखी खान का अस्पताल में इलाज जारी है।

**समाज के लोगों ने नारे लगाकर** सीएम का जताया आभार

# राज्य केवट कल्याण बोर्ड के गठन पर आतिशबाजी कर जताई खुशी

**बेधड़क** | टोंक



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कीर समाज को भी सौगात दी हैं। गहलोत ने शनिवार को राजस्थान राज्य केवट कल्याण (मां पूरी बाई कीर) बोर्ड का गठन करने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही कीर समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। साथ ही मुख्यमंत्री गहलोत के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

अखिल भारतीय केवट सेना महासंघ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया कि राजस्थान प्रदेश में कीर मेहरा, कहार, कश्यप केवट, स्वजातीय समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनीति उत्थान के लिए बोर्ड के गठन से समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। बोर्ड बनने से समाज एकता के सूत्र में बंधेगा वहीं सरकारी की योजनाओं का लाभ भी अब जल्द मिलेगा। राजस्थान कहार, कीर, केवट, भोई, मेहरा, कश्यप, धीवर, निषाकुंभकरण आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने तीन दिन पहले पत्रकारों से बातचीत में सरकार को चेताया था कि राजस्थान सरकार ने केवट कल्याण बोर्ड का गठन नहीं किया तो सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**दो दलित युवकों की हत्या से आक्रोश**

# काले झंडे दिखाने पर महिलाओं को पुलिस ने खींचकर सभास्थल से निकाला

■ सीएचसी का उद्घाटन करने पहुंचे कांग्रेस विधायक गावड़िया का विरोध

**बेधड़क** | नागौर



जिले के गावड़िया गांव में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन करने पहुंचे कांग्रेस विधायक को लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में उस समय हंगामा हो गया जब विधायक रामनिवास गावड़िया का विरोध करने पहुंची महिलाओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। इसके बाद पुलिस ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की। इस पर भी महिलाएं पीछे नहीं हटीं तो पुलिस ने उन्हें खींचकर सभास्थल से बाहर निकाल दिया। ये मामला जिले के बिदियाद गांव का है। जब विधायक गावड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे तो दो दलित युवकों की बोलेरो से कुचलकर की गई हत्या से नाराज महिलाएं विरोध करने वहां पहुंच गईं।

#### इधर जाहिदा को काले झंडे दिखाने पर समर्थकों ने की मारपीट

भरतपुर के नजदीक डीग जिले में शुक्रवार की देर शाम मंत्री जाहिदा खान ने अमरूका चौराहे से एक वाहन रैली निकाली जो कि कैथवाड़ा होते हुए झेंझपुरी पहुंची। जगह-जगह लोगों ने मंत्री जाहिदा खान का स्वागत किया। जैसे ही मंत्री जाहिदा खान की रैली कैथवाड़ा पहुंची तभी वहां मौजूद दो लोग अपनी दुकानों में काले झंडे लगाए हुए थे। वह काले झंडे लेकर रैली की ओर बढ़े। तभी मंत्री जाहिदा खान के समर्थकों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और उनकी जोरदार पिटाई कर डाली। इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी बीच-बचाव करते हुए नजर आए। पुलिस ने इस झगड़े के बाद पुलिस ने किसी को हिरासत में नहीं लिया।

#### काले झंडे दिखाते हुए की नारेबाजी

शनिवार को कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया बिदियाद गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान दलित समाज की महिलाएं भी काले झंडे लेकर वहां आ गईं। विधायक को काले झंडे दिखाते हुए महिलाओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। ये देख वहां मौजूद पुलिस ने महिलाओं को खींचकर सभास्थल से बाहर निकाल दिया। साथ ही आरोप है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट भी की। मामले को लेकर विधायक रामनिवास गावड़िया ने कहा-घटना से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। विरोधी कार्यक्रम से पहले ही माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे।

#### महिलाएं इसलिए थीं नाराज

पिछले महीने नागौर जिले के बिदियाद गांव के रहने वाले दो दलित युवकों राजूराम और चुन्नीलाल की राणासर में बोलेरो कैंपर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। एक होटल में हुई कहासुनी के बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया था। हत्या के बाद दलित समाज के लोग 10 दिन तक धरने पर बैठे रहे, लेकिन कांग्रेस के डीडवाना विधायक चेतन डूडी, नावां विधायक महेंद्र चौधरी और परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया उनसे मिलने नहीं गए। इसके बाद से दलित समाज में उनके खिलाफ नाराजगी व्याप्त है।




चुनावी पोळ

चाहे सब कुछ भूलज्या,
जाति रखणी याद।
पाछे पहले की बात नीं,
गिणती की मरजाद।।

■ गजानन



## सीधे फील्ड से

सात में से पांच सीटों पर कांग्रेस, गुढ़ा के शिवसेना में जाने से बदले समीकरण

# हर बार नया रंग दिखाता है झुंझुनू कांग्रेस के लिए गढ़ बचाना चुनौती



■ सीकर से रमेश शर्मा की रिपोर्ट

बेधड़क | झुंझुनू

शेखावाटी का झुंझुनू जिला राजस्थान की राजनीति में अहम जगह रखता है। पहचान की बात करें तो इस जिले को बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (बिट्स) पिलानी के चलते देशभर में जाना जाता है। राणी सती माता मंदिर के चलते यह धार्मिक पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। शेखावाटी की शानदार हवेलियां तो यहां हैं ही, जो यहां की संस्कृति को एक अलग पहचान देती हैं। इस जिले की राजनीति कभी लगातार एक तरफा नहीं रही। 2008 के चुनाव में जिले की सात विधानसभा सीटों में से भाजपा को सिर्फ एक सीट और कांग्रेस को चार सीट मिली थी।

पांच साल बाद ही 2013 में जनता ने रंग बदला और भाजपा को तीन सीटें दे दीं, कांग्रेस को एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा। गत चुनाव में कांग्रेस ने शानदार वापसी की, अभी कांग्रेस पांच सीटों पर काबिज है। एक सीट पर भाजपा विधायक हैं। एक सीट जो राजेंद्र गुढ़ा ने बसपा के बैनर तले जीती थी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे और फिलहाल वे शिवसेना में हैं।

इस प्रकार देखा जाए तो जिले में कांग्रेस को होल्ड है, भाजपा कमजोर हालत में है। जातिगत समीकरणों की बात करें तो खेतड़ी को छोड़कर शेष छह विधानसभा सीटों पर जाट सर्वाधिक संख्या में हैं। सूरजगढ़ में यादव दूसरी सबसे बड़ी शक्ति हैं तो पिलानी व नवलगढ़ में अनूसूचित जाति। झुंझुनू व मंडावा में मुस्लिम तथा उदयपुर वाटी में सैनी मतदाताओं की संख्या दूसरे नंबर पर है। पिलानी, सूरजगढ़, झुंझुनू, मंडावा व नवलगढ़ में राजपूतों की भी अच्छी-खासी संख्या है। उदयपुर वाटी में गुर्जर व खेतड़ी में जाट क्रमशः चौथी सबसे बड़ी ताकत है।






### 1. झुंझुनूं विधानसभा

यहां वर्तमान में परिवहन मंत्री बृजेन्द्र ओला विधायक हैं। तीसरी कोई पार्टी फिलहाल मजबूत नहीं है। भविष्य में कोई बागी उम्मीदवार किसी दूसरी पार्टी की टिकट लाता है तो समीकरण बदल सकते हैं। कांग्रेस से वर्तमान विधायक ओला सहित आधा दर्जन नेताओं ने टिकट के लिए दावा किया है। यहां मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं। भाजपा में भी आधा दर्जन से ज्यादा टिकट के दावेदार हैं। यहां के मुख्य मुद्दों की बात करें तो शौर्य उद्यान का अधूरा काम, खेल यूनिवर्सिटी व कुंभाराम लिफ्ट कैनाल का पानी हर घर तक पहुंचाना आदि प्रमुख हैं जिन पर चुनाव लड़ा जाएगा।

### 2. उदयपुरवाटी विधानसभा

बसपा से जीतकर कांग्रेस में शामिल हुए और फिर कांग्रेस छोड़ शिवसैनिक बन चुके राजेंद्र सिंह गुढ़ा यहां से विधायक हैं। वे यदि शिव सेना की ओर से चुनाव लड़ते हैं तो शिव सेना मजबूत रहेगी। लेकिन भाजपा से गठबंधन के चलते शिव सेना का बिना गठबंधन के चुनाव लड़ना मुश्किल है। कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ने के लिए यहां से सर्वाधिक 33 नेताओं ने टिकट मांगा है। भाजपा के दावेदार भी बड़ी संख्या में हैं। कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, अवैध खनन और लचर कानून व्यवस्था यहां मुख्य मुद्दे हैं।

### 3. पिलानी विधानसभा


पिलानी से कांग्रेस के जेपी चंदेलिया विधायक हैं। यदि भाजपा नए चेहरे को टिकट देती है तो कांग्रेस और भाजपा में टक्कर होगी। कांग्रेस से मौजूदा विधायक जेपी चंदेलिया सहित 16 नेताओं ने टिकट मांगा है जिनमें सात रिटायर्ड अधिकारी हैं। भाजपा से करीब आधा दर्जन दावेदार हैं। इस क्षेत्र में कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, एसडीएम कार्यालय की स्थापना, बॉर्डर इलाके में कानून व्यवस्था मजबूत करना आदि मुख्य मुद्दे हैं।

### 4. नवलगढ़ विधानसभा

नवलगढ़ से कांग्रेस के डॉ. राजकुमार शर्मा विधायक हैं। विपक्ष यदि मिलकर चुनाव लड़ता है तो डॉ. शर्मा के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। कांग्रेस से शर्मा के अलावा केवल दो नेताओं ने टिकट के लिए आवेदन किया है। भाजपा भी लंबे समय से कांग्रेस के प्रभाव वाली इस सीट पर पकड़ बनाने में जुटी है। इस क्षेत्र में कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, नवलगढ़ कस्बे में ड्रेनेज सिस्टम आदि मुख्य मुद्दे हैं।

### 5. सूरजगढ़ विधानसभा

यहां से भाजपा के सुभाष पूनियां विधायक हैं। भाजपा से पूर्व सांसद सहित कई अन्य नेता टिकट की कतार में हैं। वहीं कांग्रेस से 10 नेताओं ने आवेदन किया है। इस इलाके में कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, ग्रामीण इलाकों में सड़कों की मरम्मत, नियमित रोडवेज बस सेवा आिद मुख्य मुद्दे हैं।




### 6. खेतड़ी विधानसभा

खेतड़ी से कांग्रेस के डॉ. जितेंद्र सिंह विधायक हैं। गुर्जरों में सचिन पायलट का साथ ना देने के कारण डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रति नाराजगी बताई जा रही है। यहां गुर्जर अच्छी खासी संख्या में हैं और चुनाव नतीजों को प्रभावित करने की ताकत रखते हैं। सिंह ने खुद के साथ ही अपनी पुत्रवधु के लिए भी टिकट का आवेदन किया है। बसपा यहां मुकाबले को त्रिकोणीय करेगी। एडीजी हवासिंह घुमरिया के भाई मनोज घुमरिया को बसपा ने टिकट दे दी है। यहां कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, खेतड़ी-कॉपर कॉम्पलेक्स को पुर्नजीवित करना आदि मुख्य मुद्दे हैं।

### 7. मंडावा विधानसभा

मंडावा से कांग्रेस की रीटा चौधरी विधायक हैं। चर्चाएं हैं कि यहां के सांसद भाजपा के नरेंद्र कुमार ने सांसद बनने के बाद मंडावा क्षेत्र को संभाला नहीं। इससे भाजपा काफी लचर स्थिति में है। वर्तमान में सारे के सारे दावेदारों में से किसी को जिताऊ नहीं माना जा रहा। वहीं रीटा की इमेज क्षेत्र में काफी अच्छी है। कांग्रेस से रीटा के अलावा दो अन्य नेताओं ने टिकट की दावेदारी की है। वहीं भाजपा से भी लगभग इतने की दावेदार हैं। कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी, सड़क तंत्र को मजबूत करना आदि यहां के मुख्य मुद्दे हैं।



## बिहाइंड द कर्टेन

# आजकल पार्टी में चल रहा है 'पधारो सा'

फूल वाली पार्टी के एक पुराने सत्ताधारी भाई साहब का दर्द उभर के बाहर आ गया। फूल वाली पार्टी की सत्ता में हर बार महकमों को संभालने वाले भाई साहब से हाथ वाले खेमे से पिछले चुनाव में सरदार पटेल कार्यालय तक आई एक बहनजी ने पूछ लिया कि और पार्टी में क्या चल रहा है। बस भाई साहब ने आव देखा ना ताव और पार्टी की वर्तमान स्थिति का बखान अपने शब्दों में कर डाला। भाई साहब ने कहा कि आजकल फूल वाली पार्टी की स्थिति राजस्थानी संस्कृति के 'पधारो सा' जैसी हो गई है। किसी के आने पर उसके स्वागत के लिए भी 'पधारो सा' कहा जाता है और किसी को बाहर का रास्ता दिखाना हो तो भी कहा जाता है। लेकिन किसे कौनसा 'पधारो सा' कहा जा रहा है वो समझना आजकल मुश्किल है। बस ऐसी ही हालात पार्टी की है। दरअसल फूल वाली पार्टी कई नए भाई लोगों को 'पधारो सा' कह रही है। वहीं पार्टी में पुराने गुट का झण्डा उठाए भाइयों को 'पधारो सा' कह कर बाहर का रास्ता भी दिखा रही है। भाई साहब बंगला नंबर 13 के खास सिपहसालार हैं और टिकट की कतार में भी हैं। लेकिन पार्टी के वर्तमान नेतृत्व से भाई साहब की पटरी नहीं बैठती है।

■ यायावर

## ई वॉर



C. P. Joshi @cpjoshiBJP

एक कमजोर, नाकारा, निकम्मी, भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के राज में अपराधियों के हौंसलों का परिणाम देखिए कि
पीपलखूंट, प्रतापगढ़ में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो छात्रा प्रताड़ना और छेड़छाड़ से परेशान होकर आत्महत्या कर लेती हैं, क्योंकि पुलिस में शिकायत के बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, उल्टा वे छेड़छाड़ जारी रखते हैं। इससे अधिक शर्मनाक क्या होगा। जिस सरकार में छोटी बच्चियां सुरक्षित नहीं, ऐसी सरकार के सुरक्षा, विकास, मिशन, विजन सब दावे सिर्फ हवा है।

Ashok Gehlot @ashokgehlot51 · 10m

हमारे किसान को क्यों किया बदनाम
भाजपा से पूछ रहा पूरा राजस्थान

## पॉली टून




## थड़ी पॉलीटिक्स



# घोषणाओं के भरोसे मत रहो खुद बनाओ अपना रास्ता

स्थान सेठी टी-स्टॉल मानसरोवर | समय दोपहर 12:5 बजे

*प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं। घोषणाओं, बयानों और जोड़-तोड़ का बाजार सज चुका है। जो टिकटों के दावेदार हैं, वो उम्मीदवार बनने की जुगत में लगे हैं। जिनको पार्टियों पर भरोसा नहीं वो अपने दम पर ताल ठोकने की तैयारी कर रहे हैं। कुल मिलाकर चुनावी रंग अब खुलकर दिखाई देने लगा है। इस रंग की थाह लेनी हो तो इसके लिए शहर के चौक-चौपालों पर भरपूर मसाला मौजूद है। ये वो समय है जब पूरे पांच साल राजनीति की ओर से आंखें बंद कर सोने वाला नागरिक भी विश्लेषक बना हुआ है। सब अपनी अपनी गणना में सरकार बना रहे हैं। आम जनता में चल रही चर्चाओं का जायजा लेने हम मानसरोवर में मीरा मार्ग के एक टी-स्टॉल पर पहुंचे। दोपहर में आधे दिन की थकान उतारने के लिए यहां जगह जगह लोगों की मंडलियां जमी थीं। हम भी एक मंडली की चर्चाओं पर कान लगाकर खड़े हो गए। "यार, कहीं संविदा पर ही भर्ती हो गए होते तो ठीक रहता। अब परमानेंट हो जाते आराम से। इस टाइम तो लोग जो मांग रहे हैं सब मिल रहा है।" योगेश ने युवाओं से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या की बात छेड़ी तो सामने कुल्हड़ से चाय की चुस्की ले रहे अमित का जवाब आया-"पहले जॉइन नहीं किया तो अब कर लेना। भर्तियां भी तो निकाली हैं।" बात तो सही थी, लेकिन सामने मोबाइल की स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे देवांशु को जमी नहीं, वो बोला-"भर्तियां निकालने से क्या होता है। पहले भी लाखों भर्तियां निकली हैं, लाखों की घोषणा हुई है। पर या तो प्रोसेस शुरू नहीं होता, प्रोसेस शुरू होता है तो कभी कोर्ट स्टे, कभी दूसरे पंगे। ऐसे ही टाइम बर्बाद हो रहा है यार।" बात ये भी सही ही थी, सामने बैठे भव्य ने इसका समाधान किया- "इस चक्कर में पड़ोगे तो पड़े ही रहोगे। वैसे भी घोषणा के बाद सारी जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेट्स पर होती है। और यार, सरकारी नौकरी ही तो कोई खजाने की चाबी है नहीं। आजकल तो स्टार्टअप का जमाना है। और प्राइवेट नौकरी में भी खूब स्कॉप है अगर पूरी मेहनत से काम करें तो।" इस चर्चा से जो मैसेज मिलना था वो मिल चुका था। युवाओं को अपना रास्ता खुद बनाना होगा। चारों की चाय भी खत्म हो चुकी थी तो यह मंडली यहीं समाप्त हुई।*

## पॉली क्लिक्स



*मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को यूथ फ्रेंडली माना जाता है। इन चुनावों में मुख्यमंत्री का युवाओं के प्रति लगाव जगह जगह देखने को मिल रहा है। शनिवार को प्रदेश के नए जिलों से आभार जताने आए युवा मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेते नजर आए।*

## चुनावी इतिहास के झरोखे से



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# पहले बंधा जीत का सेहरा, फिर बेआबरू होकर निकले नेताजी

चुनावी हार जीत में एक वोट की कीमत क्या होती है, इसे सत्रहवीं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से अधिक कौन जान सकता है। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में नाथद्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वह मात्र एक वोट के अंतर से चुनाव हार गए थे। बाद में वह भीलवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होकर केन्द्र सरकार में मंत्री भी बने लेकिन एक वोट की चुनावी पराजय उन्हें ताजिंदगी याद रहेगी। जोशी की पराजय पर उन दिनों राजनैतिक क्षेत्रों में यह कयास लगाया गया था कि यदि जोशी चुनाव जीत जाते तो सम्भवतः मुख्यमंत्री बन सकते थे। खैर उनका यशस्वी राजनैतिक सफर जारी है। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल में उन्होंने कई नवाचार किए हैं। सम्भवतः पहली बार डॉ. जोशी की पहल पर राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मू ने प्रदेश के विधायकों को संबोधित किया।

तो बात हो रही थी चुनावी हार जीत में एक वोट की कीमत की। वहीं लाखों मतों के अन्तर से भी चुनावी जीत के कीर्तिमान बने और टूटे हैं। लेकिन हम आज बात कर रहे हैं बैलट पेपर यानि मतपत्रों की गिनती के दौर में जीत हार की। आज तो ईवीएम मशीनों से मतदान का जमाना है। इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से जहां मतदान में कम समय लगता है, वहीं मतगणना भी तुरत-फुरत हो जाती है और हाथों-हाथ चुनाव परिणाम की सहज घोषणा कर दी जाती है।

तो यह चुनावी किस्सा है- मतपत्रों से मतदान और मतगणना का। मारवाड़ क्षेत्र में जालोर जिले के एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का। इतना लम्बा अर्सा हो गया। विधानसभा का नाम याद नहीं आ रहा। लेकिन हकीकत है और अधिकृत भी। यह इसलिए कि मेरे पत्रकारीय कर्म के जोधपुर कार्यकाल में वहां के जनसम्पर्क अधिकारी बिशनसिंह सिसोदिया ने चुनावी कवरेज के दौरान एक मेटाडोर में सफर करते समय हम पत्रकार साथियों से इस किस्से को साझा किया था। विधानसभा के उस निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना का आखिरी दौर चल रहा था। एक-एक कर वोटों की गिनती की जा रही थी। दो प्रमुख प्रतिद्वंदियों के बीच आगे-पीछे रहने का सिलसिला जारी था। इधर रात्रि का साया बढ़ने लगा। कुछ मामूली वोटों के अंतर से एक प्रत्याशी की जीत को देखते हुए दूसरे प्रत्याशी ने पुनर्मतगणना की मांग की। समूची प्रक्रिया के पश्चात दुबारा वोटों की गिनती की जानी थी। इस बीच कम मतों के अंतर से जीतने वाले प्रत्याशी की मतगणना कर्मियों से झड़प हो गई। उन्होंने अंग्रेजी में कुछ ऐसे शब्द बोल दिए जो मतगणना कार्मिकों को चुभ गए। दुबारा मतों की गिनती से पहले खाना खाने के बाद आराम से मतगणना शुरू की गई।

दूसरा, तीसरा प्रहर बीत गया। विवादास्पद मत पत्रों को रद्द करने की बहसबाजी के चलते भोर हो गई और चुनाव जीतने वाला प्रत्याशी कुछ मतों के अंतर से हारा घोषित हो गया? इस तरह जीती बाजी घर में बदल गई। पासा पलट गया और 'बड़े बेआबरू होकर तेरे कूंचे से हम निकले' वाली कहावत चरितार्थ हो गई। किस्सा धारक बिशन जी की स्मृति को नमन।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*गुजरात के साबरकांठा जिले में स्थित सप्तनाथ, सात महर्षियों की तपस्थली, सप्तेश्वर तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध है। यहां स्थित मंदिर में सात शिवलिंगों की पूजा होती है जो सप्तर्षि ऋषियों के देवता के रूप में माने जाते हैं। मंदिर की वास्तुकला और रहस्यमय पानी की धाराएं इसे एक विशेष तीर्थ स्थल बनाती हैं। संक्षिप्त रूप में, यह स्थल संतुलन, शांति और श्रद्धांजलि की भावना से भरा हुआ है और धार्मिकता की गहरी धारा का प्रतीक है।*


## गुजरात के साबरकांठा जिले की ईडर तालुका में है सात महर्षियों की तपोस्थली

# प्रकृति करती है सप्तेश्वर महादेव का अभिषेक

*साबरमती तथा डेभोल नदी के संगम पर सप्तेश्वर महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है। मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। मंदिर में जिस तरह सातों शिवलिंगों की स्थापना की गई है, उससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे सप्तर्षि नभ मंडल से उतर कर शिव की पूजा कर रहे हैं।*





### सप्तेश्वर महादेवः सात लिंगों की स्थापना

सप्तेश्वर महादेव, जिन्हें सप्तऋषियों के देवता के रूप में भी जाना जाता है। इनका नाम सात ऋषियों कश्यप, व्रत, विश्वामित्र, भारद्वाज, अत्रि, जमदग्नि और गौतम के नाम पर रखा गया है। यहां की महिमा में जिस तरह सातों शिवलिंगों की स्थापना की गई है, वह भगवान शिव के अद्वितीय आवतार को प्रकट करती है।


### ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व

सप्तेश्वर महादेव मंदिर 3400 वर्ष पुराना है, जो भगवान शिव के भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की पावन धाराएँ चट्टानों से निकलकर दिन-रात शिवलिंग का अभिषेक करती हैं, जिससे यहां की महत्वता और अनूठापन और बढ़ जाता है।

### संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर का अमूर्त संगम

**सप्तेश्वर महादेव मंदिर न केवल धार्मिक महत्वपूर्ण स्थल है, बल्कि यह गुजरात की संस्कृति और ऐतिहासिक धारोहर का अमूर्त संगम है। इस मंदिर की प्राचीनता, वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मोहित करता है, जो यहां आकर अपनी आत्मा को शिव के साथ मेल कराते हैं। इस प्रमुख तपोस्थली में आज भी विराजमान है सनातन संस्कृति की गहरी धारा, जो लोगों को अपनी प्राचीनता और धार्मिकता के प्रति प्रेरित करती है।**





### वास्तुकलाः संस्कृति की प्रतीक

मंदिर की वास्तुकला पारंपरिक उत्तर भारतीय शैली में है, जिसमें ऊंचे शिखर और सुंदर नक्काशी और मूर्तियां सजाई गई हैं। यहां की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं के रंगीन दृश्य उकेरे गए हैं, जो इस मंदिर में आने वाले लोगों को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करते हैं।

### हर मौसम में अद्वितीय अभिषेक

मंदिर की अद्वितीयता में से एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यहां की सात जल धाराएं हैं, जो चट्टानों के माध्यम से शिवलिंग का अभिषेक करती हैं। ये धाराएं गर्मी, सर्दी, बर्फबारीस, या भीगी-भीगी धारा, सभी मौसमों में रुकी नहीं हैं। जल धाराओं की उत्पत्ति पर विशेषज्ञों ने खूब अध्ययन किया है, लेकिन अब तक यह रहस्य नहीं सुलझा है कि ये आती कहां से हैं।

**कविता**

## बंटवारा





डॉ. रामावतार शर्मा

जाति धरम के नाम पर, तुमने बांटे लोग
बरगद जैसा देश यह, इसको काटें लोग ।
देश को काटें लोग, जहर की फसलें बोएं
चाहें ऐसे लोग, विचारक घर जा सोएं ॥
घर जब सोएं लोग विचारक,
देश तू ले ले
रात निगलती सूरज, दिन में उल्लू बोलें।
उल्लू घर में घूम रहे, कर कब्जा उस पर
मालिक लहूलुहान, किया आहत घर घुस कर ।।
आहत होगा राष्ट्र एक दिन, सुन लो भाई
दरवाजा हर तोड़, घरों में घुसे लड़ाई ।
घुसे लड़ाई घर में तो, फिर कभी ना जाए
लोग चले जाते हैं, चैन शुकून ना आए।
चैन बसेगा ऐसी बस्ती, जहां रिहाइश करती मस्ती
वरना महंगा वोट रहेगा, और रहेंगी जानें सस्ती ।।

**शब्दों की सीख**

# कतरा भर प्यास...



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

'बाबा मैं, तुम्हारी तरह ऐसे ही मजबूत कट्टे बनाऊंगा। जैसे तुम बनाते हो। जैसे तुम्हारे बनाये कट्टे फायर करते समय नहीं फटते। ठीक ऐसे ही कट्टे मैं भी बनाऊंगा बाबा। बिल्कुल तुम्हारी तरह तुम्हारे बाद!' करमजीत कार के स्टेयरिंग वाले पाइप को काटकर तराशते हुए अपने बाप गुलाब सिंह की तरफ देखते हुए बोला। उसका लड़का बड़ा होकर कट्टे बनाएगा। उसके बाद उसकी तरह।

यह बात सुनकर गुलाब सिंह के कान खड़े हो गये थे। उसके सीने में लगा जैसे किसी ने बर्छा मार दिया हो। ये बात मात्र तेरह साल के लड़के के मुंह से सुनकर उसे बेहद अचरज हुआ था। वह सोच रहा था कि करमजीत भी कट्टा बनाएगा। उसको भी पुलिस दबिश देकर खोजेगी? उसे भी जंगलों में महीनों रहकर रात बीतानी पड़ेगी। पाइप मोड़ते-मोड़ते उसके हाथ वहीं के वहीं जम गए। कब से कट्टा बना रहा है वो। यादों के धुंधलके में कहीं वो गहरे उतरता चला गया। पैतनपुर गाव, जहां उसका जन्म हुआ था। बचपन से ही वो इस माहौल में पला-बढ़ा। उसके पिता भी कट्टे ही बनाते थे। कोई तीन चार सौ लोग रहते हैं उस गांव में। सबका यही व्यवसाय है, कट्टा बनाने का। लीगल तरीके से यहां कुछ नहीं होता। सब कुछ पर्दे के पीछे से होता है। बहुत कम मेहनत और बहुत कम लागत में बन जाता है कट्टा। फिर इसे बाहर ले जाकर बेचने का भी टेंशन नहीं है। दूर - दराज के अपराधी किस्म के लोग अपनी सुविधा के अनुसार उससे कट्टे खरीदकर ले जाते हैं।

खासकर छोटे-मोटे दूर- दराज के इलाकों में इसकी बहुत डिमांड रहती है और चुनाव के समय तो इन देशी कट्टों की मांग बहुत बढ़ जाती है। नेता लोग भी अपने गुर्गों की मदद से यहां इस गांव से माल ले जाते हैं। चुनावों में दबिश देने के लिए। बूथ कैप्चरिंग के लिए, लेकिन पैतनपुर से इन नेताओं का केवल चुनाव तक ही नाता रहता है। चुनाव के बाद वो इधर झांकते भी नहीं। इस कट्टे वाले धंधे में एक तो युवाओं में खासा पैशन दिखता है। इतना पैशन कि पूछो ही मत? एक किशोरावस्था की बनैली क्रूरता उनकी आंखों में दिखाई देती है, जिसे देखकर वो डर जाता है। एक ऐसा पैशन, जिसे उसने करमजीत के आंखों में अभी-अभी देखा है। एक ऐसा पैशन, जिसका इस्तेमाल वहां के नेता इन युवाओं और किशोरों का कार के स्टेयरिंग वाले पाइप की तरह कट्टा बनाने में करते हैं। हाथ युवाओं का जलता है और ये नेता युवाओं को एक सपना दिखाकर उसमें अपना हाथ सेंकते हैं। एक क्रूर हिंसक सपना। ऐसा सपना जो कभी पूरा नहीं हो सकता। नशाखोरी और हिंसा ने इस पैतनपुर को अपनी गिरफ्त में ऐसे कसा है जैसे अजगर, आदमी को जबड़े में कसता है। गुलाब सिंह को लगा कि उसके बेटे करमजीत को भी कोई बहका रहा है। कोई ऐसा सब्ज-बाग दिखा रहा है, जिसमें करमजीत कल को उस क्षेत्र का कोई रसूखदार आदमी बन जाएगा या कोई भाई-वाई टाइप का आदमी। लेकिन, करमजीत एक कट्टे बनाने वाले का बेटा है। उसको कोई कैसे सब्ज- बाग दिखा सकता है? हो भी तो सकता है। आखिर, छोटे-छोटे बच्चे ही तो अपराधियों के सॉफ्ट-टारगेट होते हैं। बिल्कुल कार के पाइप की तरह, जिनसे कट्टा बनता है। लचीले और नाजुक। उन्हें केवल तपाना भर होता है। फिर अपने हथौड़े से ठोंक- पीटकर मन चाहा आकार ले लो।

जिन राज्यों में शराब बैन है। वहां के अपराधी, बच्चों का सहारा लेकर ही तो शराब एक जगह से दूसरी जगह तस्करी करते हैं। पुराना मोड्यूल बदल गया है। आज कल पुलिस भी तो इन तस्करों और अपराधियों की सारी टेक्नीक समझ गई है। फिर थोड़े से पैसों के लालच में ये युवा भटक जाते हैं। यह वही समय होता है जब ये बच्चे हाथ से बेहाथ हो जाते हैं। आज कल जो स्मगलरी होती है। उसमें इन युवाओं को ही तो टारगेट किया जाता है। नशा करने वाला भी युवा। नशा बेचने और खरीदने वाले भी युवा। फिर आज कल तो बेब सीरीज का जमाना है। उसने कुछ बेब-सीरीज देखीं हैं। फूहड़ पटकथा और गालियों से भरे घटिया संवाद। बात-बात में गाली-गलौज। छोटी-छोटी बात पर ठांय से पिस्तौल चलती है। आदमी ढेर हो जाता है। बंदूक का साम्राज्य। हर तरफ दिखाई देता है। फिर इस देश में ऐसी फिल्में क्यों बन रहीं हैं? अगर बन रहीं हैं तो फिर सेंसर बोर्ड का अब क्या काम बचा है? पता नहीं चलता। फिल्मों में अब संवाद और नायक केवल बंदूक से बात करता है। उसकी बात सुनी भी जा रही है। ठेका नहीं मिलता है तो बंदूक चल जाती है। सामाजिक दायरा कितना विकृत होकर सामने आ रहा है। इन फिल्मों में एक ही औरत के तीन-तीन लोगों से संबंध हैं। ससुर से भी, पति से भी और बेटे से भी। सामाजिक संबंधो की बखिया उघेड़ती आज की ऐसी बेब सीरीजें युवाओं के अंदर एक जहर भर रहीं हैं। फिर आज का युवा भी तो इन चीजों से बहुत इंस्पायर हो रहा है। इन बेब-सीरीजों में सबसे बड़ी चीज जो दिखाई जा रही है, वह है उनमें इन दबंगों को राजनीतिक तौर पर भी सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

बात-बात में गाली-गलौज। छोटे-बड़े को तरजीह ना देना। समाज का पूरा-ताना बाना बिखर गया है। इन बेब सीरीजों से। इन बेब सीरीजों को देखकर ही तो युवा ड्रग्स ले रहें हैं। जैसे किसी फिल्म में टुन्ना भईया को ड्रग्स लेते दिखाया गया है। सबसे ज्यादा खराब बात इन बेब-सीरीजों में नायक का खलनायक हो जाना है। किसी भी राह चलती लड़की का दुप्पटा खींच लिया जाना। उसे सरेआम छेड़ा जाना। उसका सामूहिक बलात्कार। नायक के रूप में आज का युवा अपने आपको टुन्ना की जगह पाता है। बहुत खुश है, आज का युवा अपने आपको उस खलनायक के रूप में देखकर। उसे टुन्ना भइया की तरह का बोस बनना है। पूरा जिला उसका है। उसके पास पावर है तो वो सब-कुछ हासिल कर सकता है। यहां नायक किसी अपने पर भी विश्वास नहीं करता। बस उसे गद्दी चाहिए, चाहे जैसे मिले। बाप को मारकर भी।

गिलास के गिरने की आवाज से गुलाब सिंह की तंद्रा टूट गई। उसने हो-हो की आवाज दी, लेकिन बिल्ली नहीं भागी। ढीठ की तरह खड़ी है अब भी खिड़की पर। वो उठकर खिड़की तक गया। इस बार बिल्ली भाग गई। सामने गुरविंदर को देखकर वो चौंक गया। वो किसी लड़के से खड़ा होकर हंस-हंस कर बातें कर रहा है। उसके हाथ में एक पैकेट है। काले रंग की पॉलीथीन। उसका दिल फिर से बैठने लगता है। गुरविंदर, उसके सगे भाई लखविंदर का बेटा है। वो पिछले साल जेल से होकर आया है, ड्रग्स बेचने के आरोप में। उस पर खालीस्तानी होने का आरोप भी लगा था। पाकिस्तानियों और आतंकवादियों से उसके संबंध हैं। ऐसी चर्चा मुहल्ले में हो रही थी। पुलिस भी कह रही थी। बाहर देश से ये जो अफीम, कोकिन और हीरोईन आती है वो हमारे दुश्मन मुल्क पाकिस्तान से आती है। ठीक है। ये बात भी समझ आती है। गुविंदर के साथ एक और लड़का पकड़या था। वो माजीद था। एक पाकिस्तानी लड़का। पेशावर से था शायद। जैसा कि गुरविंदर बता रहा था। उम्र कोई बीस-बाईस साल थी। उसका बाप कसाई था रहमत शेख। दो-दो शादियां कर रखी थीं उसके बाप ने। वो उसकी सगी मां को बहुत मारता-पीटता था। उसके आठ-आठ भाई बहन थे। किसी तरह उसने सातवीं पास की। उसका बाप पाकिस्तान में एक बार इमरान खान की तहरीर सुनने गया था। फिर उसी रैली में गोली लगने के कारण उसका बाप मर गया था। एक तो छोटी उम्र, उस पर आठ-आठ लोगों की जिम्मेदारियां सिर पर। माजीद भला अकेले क्या-क्या करता? लोग महंगाई से उस देश में पहले ही बदहाल थे। साग- सब्जी खरीदने के पैसे तो पास में होते नहीं थे। गोश्त कौन खरीदता?

क्रमशः...

**मध्य प्रदेश:** कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किया प्रहार, कहा- अब वे नहीं बन पाएंगे सीएम

# शिवराज की सियासी उलटबांसी पर बढ़ी अटकलें, कांग्रेस ने घेरा

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब मतदान की तिथियों की घोषणा और उम्मीदवारों की सूची का इंतजार हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक 79 प्रत्याशियों की सूची जारी की है जबकि कांग्रेस की सूची की घोषणा अभी होनी है। कांग्रेस की सूची पर शनिवार को नई दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंथन हुआ। इस बीच, राज्य में राजनेताओं के बयानों को लेकर सियासी अटकलें बढ़ रही हैं। हाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुछ बयानों को लेकर भी कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। भाजपा के सीएम फेस को लेकर भी असमंजस की स्थिति है।

अटकलें यह भी हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सीएम चौहान के बयानों को लेकर उन पर तीखा तंज कसा है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया। उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर





दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू कर दिया कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं? अब सीधे पूछ रहे हैं कि मोदी जी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं? नाथ ने कहा कि पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है। जिन्हें टिकट मिला, वह लड़ने को तैयार नहीं है और जो टिकट की दौड़ से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी कहा था कि अब चौहान सीएम नहीं बनने वाले हैं।

### चर्चा में शिवराज के बयान

- सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पिछले हफ्ते अपने विधानसभा क्षेत्र बुदनी में एक जनसभा में लोगों से पूछा कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं? यहां से लड़ूं या नहीं?
- इससे पहले सीहोर में एक जनसभा में उन्होंने कहा था कि मैं चला जाऊंगा तो बहुत याद आऊंगा। शुक्रवार को डिंडौरी में जनता से पूछा कि सरकार कैसी चल रही है, सीएम बनूं या नहीं?
- उज्जैन में 'श्री महाकाल महालोक' के द्वितीय चरण का लोकार्पण के मौके पर चौहान ने कहा, राजनीति की राहें बड़ी रपटीली होती हैं, कदम-कदम पर फिसलने का खतरा होता है। कई बार हम खुद ही फिसल जाते हैं। कई बार चक्कर में डालने वाले लोग हमें धक्का देने आ जाते हैं। सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए आपका(संतों का) आशीर्वाद बना रहे।

### पीएम के भाषणों में सरकार को श्रेय

शिवराज सिंह के इन बयानों से राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री मोदी 15 दिनों में तीन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार प्रधानमंत्री अपनी रैलियों में राज्य में विकास कार्यों के लिए सीएम शिवराज सिंह को ज्यादा श्रेय देने के बजाय राज्य की भाजपा सरकार को श्रेय देते हैं। वे कहते हैं कि 18 सालों में राज्य में भाजपा की सरकार ने जनता की भलाई के लिए कई काम किए हैं।

### अटकलें इसलिए भी

भाजपा ने उम्मीदवारों की तीन सूची में 79 नामों की घोषणा कर दी है। इन सूचियों में अभी तक सीएम शिवराज सिंह चौहान का नाम नहीं है। जिसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीएम शिवराज सिंह इस बार चुनाव लड़ेंगे या नहीं। सूत्रों का कहना है कि जिन 79 सीटों पर उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया है वहां किसी के कहने पर टिकट का वितरण नहीं किया गया है। पार्टी ने सर्वे के आधार पर उम्मीदवारों की घोषणा की है।

### केंद्रीय नेतृत्व तय कर रहा रणनीति

एमपी विधानसभा चुनाव का मोर्चा इस बार केंद्रीय नेतृत्व ने संभाल लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार राज्य के दौरे कर रहे हैं। अमित शाह हर छोटी से छोटी बात की सीधी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अमित शाह भी साफ कर चुके हैं कि चुनाव संगठन के नाम पर लड़ा जाएगा।

## सत्ता के लिए झूठे वादे, राहुल का मॉडल विफल



**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सत्ता हासिल करने के लिए 'झूठे' वादे करने का आरोप लगाया और कहा कि गारंटी पूरी नहीं करने का उनका मॉडल कांग्रेस शासित राज्यों में विफल हो गया है। दरअसल, कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में मुफ्त और रियायती बिजली उपलब्ध कराने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, कृषि ऋण माफ करने, महिलाओं को 1,500 रुपए प्रति माह देने और कुछ अन्य गारंटी की घोषणा की है। ठाकुर ने शुक्रवार रात संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ये गारंटी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विफल हो गई।

## भूपेश सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया: बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने सीएम भूपेश बघेल पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया है। साव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने ओबीसी के साथ धोखा किया है। सरकार ओबीसी वर्ग को लुभाने का प्रयास कर रही है, लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं हो पाएगी। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि प्रदेश में जाति जनगणना को लेकर उनका रुख क्या है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने 6 अक्टूबर को राज्य के कांकेर जिले में एक सभा में कहा था कि यदि छत्तीसगढ़ फिर से कांग्रेस की सरकार बनी तो बिहार की तर्ज पर यहां भी जातीय जनगणना कराई जाएगी।

**कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक:** बढ़ी इंतजार की घड़ियां

# एमपी के लिए प्रत्याशियों के नामों पर मंथन, घोषणा 6-7 दिन में संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के लिए इंतजार की घड़ियां और बढ़ गई हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की शनिवार को नई दिल्ली में बैठक हुई जिसके बाद जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि पार्टी मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है, लेकिन बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश के लिए पार्टी प्रत्याशियों की सूची आज शनिवार को जारी नहीं की जा रही है।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक खत्म होने के बाद कमलनाथ मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बैठक में कई नामों पर चर्चा हुई है। उनका दावा था कि लगभग 130-140 सीटों पर चर्चा हुई। सुझाव सुनकर बैठक फिर से बुलाएंगे। नामों को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि आने वाले छह-सात दिनों में पहली सूची की घोषणा हो सकती है। इससे पहले बैठक के दौरान पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा था कि सूची शनिवार शाम तक जारी हो सकती है। लेकिन बाद में आए कमलनाथ के बयान से यह साफ हो गया है कि पहली सूची आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है।







### यह मौजूद थे बैठक में

यहां कांग्रेस मुख्यालय में हुई चुनाव समिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद रहे। उनके अलावा पार्टी के मध्य प्रदेश के लिए चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल भी बैठक में शामिल हुए।

### BJP 79 प्रत्याशी घोषित कर चुकी

बता दें कि मध्य प्रदेश चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर भाजपा कांग्रेस से आगे चल रही है। भाजपा ने प्रदेश में अब तक तीन बार में 79 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा है। इसमें भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल समेत कई बड़े नेताओं का नाम शामिल है।

### चुनाव समिति ने दी 100 नामों को हरी झंडी

इससे पहले चुनाव समिति ने बैठक में उम्मीदवारों को लेकर मंथन किया। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने कई नाम फाइनल कर दिए हैं और कई सीटों पर नामों को अभी अंतिम रूप से तय करना बाकी है। सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश चुनाव के लिए हाल ही में हुई बैठक में करीब 100 नामों पर सहमति बनने की खबर थी। इनमें अधिकतर मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं। बैठक में उन बड़े नेताओं को भी टिकट देने पर भी सहमति जताई गई थी जो 2018 में चुनाव हार गए थे।

**मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक**

# मक्का, तिलहन व दलहन की एमएसपी पर होगी खरीद: शाह

**एजेंसी** | ऋषिकेश



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों से बच्चों में कुपोषण और स्कूली बच्चों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर (ड्रॉप आउट दर) जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से लेने का आह्वान किया। ऋषिकेश के निकट टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत किसानों से 100 प्रतिशत दलहन, तिलहन और मक्का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नाफेड खरीदेगा।

उन्होंने कहा कि लाख उत्पादन को पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में शामिल किया जाएगा तथा किसानों को क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे, जिससे लाख उत्पादन से जुड़े किसानों को लाभ होगा। शाह ने बच्चों में कुपोषण समाप्त करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इस समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है, जिसके तहत क्षेत्रीय परिषदों ने समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशिता बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों ने मोदी के 'टीम इंडिया' की अवधारणा को जमीन पर उतारा है। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और कई केंद्रीय और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दल ने भी की मांग**

# तमिलनाडु में जातीय गणना की मांग ने पकड़ा जोर

**एजेंसी** | चेन्नई

बिहार के जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी होने के बाद तमिलनाडु में भी जातीय जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न जातियों के लिए आरक्षण की उनकी आबादी के अनुपात में हो।

यह मांग करने वाले दलों में डीएमके की सहयोगी विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), डीएमके के एक अन्य घटक तमिझागा वाझवुरीमई काची (टीवीके) और शक्तिशाली वन्नियार समुदाय की राजनीतिक



शाखा और भाजपा नीत राजग में शामिल पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) भी शामिल है। इन दलों का कहना है कि जाति जनगणना कराना जरूरी है ताकि कोई भी समुदाय सामाजिक न्याय से वंचित न रह सके। वीसीके के संस्थापक नेता और संसद सदस्य थोल थिरुमावलवन ने भी कहा कि राज्यों को अपने क्षेत्र में आरक्षण का प्रतिशत तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से इस संबंध में संसद के अगले सत्र में कानून लाने का भी आह्वान किया।

थिरुमावलवन ने कहा कि केंद्र 2021 की जनगणना नहीं कर रहा है क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से जाति-आधारित जनगणना करने की मांग की गई थी।

### तमिलनाडु में किसे कितना आरक्षण


गौरतलब है कि तमिलनाडु वर्तमान में 69 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें पिछड़े वर्गों को 30 प्रतिशत, अति पिछड़े वर्गों को 20 प्रतिशत और एससी/एसटी समुदायों को 19 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तय कर दी है। विशेष रूप से, मुस्लिम समुदाय को पिछड़ा वर्ग के 30 प्रतिशत कोटा के तहत 3.5 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।

**पार्टी आलाकमान का फैसला ठुकराया**

# केरल जद (एस) का राजग में शामिल होने से इनकार

**एजेंसी** | कोच्चि

जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस) की केरल इकाई ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। पार्टी की केरल इकाई ने कहा कि वह वाममोर्चा के साथ है। राज्य समिति की बैठक के बाद जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष मैथ्यू टी थॉमस ने कहा कि आलाकमान ने किसी भी पार्टी मंच पर चर्चा के बिना राजग में शामिल होने



की घोषणा की। पार्टी का माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे के साथ चार दशक पुराना जुड़ाव है और यह जारी रहेगा। एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली जद एस गत माह राजग में शामिल हो गई थी और पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है। थॉमस ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने किसी भी पार्टी मंच पर चर्चा किए बिना घोषणा की। भाजपा के साथ हाथ मिलाने की घोषणा संगठनात्मक नीति के खिलाफ थी। हमारी केरल इकाई इसके पक्ष में नहीं है।


**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# बघेल ने जातिगत जनगणना पर भाजपा को घेरा, बताया आरक्षण विरोधी

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के दौरे और यात्राओं से राज्य का सियासी तापमान बढ़ा हुआ है। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ में जातीय जनगणना को लेकर सियासत गरमा गई है।

राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जातीय जनगणना को लेकर भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को रायपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा को घेरा और कई सवाल दागे। ज्ञात रहे कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस पार्टी के तमाम बड़े नेता जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं,ताकि पिछड़ों को उनकी आबादी के मुताबिक सही प्रतिनिधित्व दिया जा सके। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भाजपा आरक्षण के विरोध में हैं। उन्होंने



सवाल किया कि क्या भाजपा नहीं मानती कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी 43 प्रतिशत से अधिक है। यदि भाजपा इसे नहीं मानती है, तो जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं करवाती है? भाजपा बार-बार सवाल क्यों उठाती है? बघेल ने कहा, जब हम छत्तीसगढ़ में आर्थिक सर्वेक्षण करा सकते हैं, बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जाति जनगणना करा सकते हैं, तो भाजपा जाति जनगणना क्यों नहीं करवा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ है। जब हमने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया तो उन्होंने सवाल उठाए। हमने ओबीसी और ईडब्ल्यूएस का आर्थिक सर्वेक्षण कराया है। हमने गणना कराई इसमें ओबीसी 43 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस तीन प्रतिशत है। इस आधार पर आरक्षण दिया गया था।

### कांग्रेस की OBC पर नजर

हाल ही में 4 अक्टूबर को अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ओबीसी वर्ग से आते हैं। कांग्रेस ने चार में से तीन मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से दिए हैं ,लेकिन भाजपा में किसी ओबीसी और अनुसूचित जाति के लिए अंतर बेहद ज्यादा रहता है। खरगे ने कहा था कि बिहार के जाति आधारित सर्वेक्षण के बाद कांग्रेस निरंतर कह रही है कि जिसकी जितनी आबादी होती हैं, उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

### पीएम के सहारे कांग्रेस की व्यूहरचना भेदेगी BJP



दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में सत्ता की वापसी के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इसके लिए पार्टी ने राज्य में परिवर्तन यात्राएं निकाली। इसके साथ ही पार्टी पीएम मोदी के लोकप्रियता के सहारे कांग्रेस की चुनावी व्यूहरचना को भेदने का प्रयास कर रही है। सूत्रों के अनुसार भाजपा की योजना चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री मोदी की राज्य में पांच चुनावी सभाएं कर सभी 90 विधान सभा सीटों के वोटरों को साधने की है। ये सभाएं राज्य के पांचों संभागों में आयोजित करने की है। जरूरत पड़ने पर प्रधानमंत्री की जनसभाओं की संख्या को बढ़ाया भी जा सकता है। छत्तीसगढ़ रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर संभाग में बंटा हुआ है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरजुगा में उनकी रैली लगभग तय हो चुकी है। बस केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद चुनाव सभाओं के लिए सबसे अधिक मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की है। योगी भी छत्तीसगढ़ में जमकर चुनावी रैलियां करेंगे। पार्टी की ओर से नेताओं की रैलियां की तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### भारत बनाएगा अपना स्पेस स्टेशन: सोमनाथ



**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 मिशन के साथ चंद्रमा पर छाप छोड़ने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब अपना पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी पहले से ही अपने मंगल और शुक्र मिशन पर काम कर रही है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो की इस बड़ी योजना का खुलासा किया है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी अंतरिक्ष स्टेशन के प्रक्षेपण और लंबे समय के लिए मानव अंतरिक्ष उड़ान जैसे मिशनों के लिए विभिन्न संभावनाएं तलाश रही है।

### पटाखे की दुकान में भीषण आग, 12 लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के अट्टीबेले में शनिवार को एक पटाखे की दुकान में भीषण आग लग गई। जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। इस घटना पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने दुख जताया है। दुकान मालिक समेत चार अन्य लागों के झुलसने की भी खबर है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पांच दमकल गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं और अंदर फंसे हुए कर्मचारियों की तलाश की जा रही है। आग अब नियंत्रण में है। आगामी दिवाली के मद्देनजर गोदाम में पटाखे एकत्रित किए गए थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### गडकरी को धमकी देने के आरोपी ने निगला तार

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के ऑफिस में धमकी भरे कॉल करने का आरोपी जेल में लोहे का तार निगल गया। हालांकि फिलहाल उसकी तबीयत ठीक है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गडकरी के ऑफिस में कथित रूप से फोन करने वाले जयेश पुजारी उर्फ कांथा को निगरानी में रखा गया है। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे फिट घोषित कर दिया। इस हफ्ते की शुरुआत में उसने जेल अधिकारियों से बताया था कि वह तार का एक टुकड़ा तथा 50 टैबलेट निगल गया है। उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया गया जहां उसने यही दावा दोहराया। अदालत के आदेश पर डॉक्टरों ने उसकी जांच की।

## पीएम मोदी ने की घोषणाओं की समीक्षा



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिए गए भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए शनिवार को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की। स्वतंत्रता दिवस के भाषण में, मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का जिक्र किया था। बैठक में उन्होंने इस घोषणा को लागू करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का भी उल्लेख भी किया था। बैठक में इसकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।*

## वायुसेना को आज मिलेगा नया ध्वज

एजेंसी | नई दिल्ली

वायुसेना को उसके 91 वें स्थापना दिवस पर रविवार को नया ध्वज मिलेगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित एक समारोह में नए वायुसेना ध्वज का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही यह दिन वायुसेना के इतिहास में ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि नया वायुसेना ध्वज वायुसेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रकट करने के लिए बनाया गया है। अब ध्वज के ऊपरी दाएं कोने में फ्लाई साइड की ओर वायु सेना क्रेस्ट को शामिल किया गया है। इस क्रेस्ट में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ और उसके नीचे देवनागरी में सत्यमेव जयते लिखा हुआ है। राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे एक हिमालयी ईगल है जिसके पंख फैले हुए हैं, जो कि वायुसेना के रणकौशल को दर्शाता है। हल्के नीले रंग की एक अंगूठी हिमालयी ईगल को घेरे हुए है जिस पर भारतीय वायु सेना लिखा है।

## माल एवं सेवा कर परिषद की बैठक में कई अहम फैसले

# सस्ते होंगे मोटे अनाज से बने प्रॉडक्ट, गुड़ बढ़ाएगा मिठास

एजेंसी | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई में माल एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी काउंसिल) ने त्योहारों से पहले लोगों को राहत देने वाले कई अहम फैसले किए हैं। परिषद ने मोटे अनाज से बने प्रोडक्ट्स पर 5% टैक्स लगाने का फैसला लिया है। इसके अलावा गुड़ समेत कई प्रोडक्ट पर जीएसटी की दरों को कम करने का फैसला लिया गया। गुड़ पर जीएसटी की दरें घटाकर 5 फीसदी कर दी गई हैं। अभी तक गुड़ पर 28 फीसदी की दर से टैक्स लग रहा था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि 70 प्रतिशत मोटे अनाज के आटे को खुला बेचा जाए तो इस पर पर शून्य प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हालांकि टैक्स से यह छूट तभी मिलेगी, जब वजन के हिसाब से मोटे अनाजों का कंपोजिशन कम से कम 70 फीसदी होगा और प्रोडक्ट बिना ब्रांडिंग के होंगे। ब्रांडेड प्रोडक्ट की स्थिति में 5 फीसदी की दर से टैक्स लगेगा। अभी तक ब्रांडेड और प्री-पैकेज्ड प्रोडक्ट के मामले में 18 फीसदी टैक्स लग रहा था।परिषद की फिटमेंट कमेटी ने टैक्स छूट की सिफारिश की थी। इसी के बाद यह फैसला लिया गया है। यह आटा अपने पोषण और स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। इसी तरह सिलाई-कढ़ाई में इस्तेमाल होने वाले जरी धागे पर जीएसटी की दरें 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दी गई हैं।



### ये किए गए अहम फैसले

- 70 प्रतिशत मोटे अनाज के आटे को खुला बेचा जाए तो शून्य जीएसटी
- पैक करके बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा
- शीरा पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया

### एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर राज्य सरकारें कर सकेंगी फैसला

बैठक में एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल को लेकर तय किया गया कि इस बारे में राज्य सरकारें अपने-अपने हिसाब से फैसले ले सकती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भले ही अदालत ने ईएनए पर टैक्स के बारे में फैसला लेने का अधिकार जीएसटी परिषद को दे दिया, हमने यह अधिकार राज्यों के हवाले करने का फैसला किया है। इसका मतलब हुआ कि अब इंडस्ट्रियल यूज वाले ईएनए पर राज्य सरकारें ही टैक्स लगाएंगी। काउंसिल के फैसले के मुताबिक अब कस्टमर्स वाले रॉ-मटीरियल एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल को जीएसटी से छूट दी जाएगी, जबकि औद्योगिक प्रयोग के लिए इस्तेमाल होने वाले ENA पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि जीएसटी काउंसिल के इस फैसले का असर शराब की कीमतों पर भी पड़ेगा। शराब की कीमतों पर कस्टमर्स को राहत मिल सकती है। हालांकि, यह पूरी तरह से राज्यों और शराब कंपनियों पर निर्भर करता है।

### इनके पास जनवरी तक समय

बैठक में कुछ करदाताओं को भी राहत दी गई। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया कि बढ़ाए गए प्री-डिपॉजिट को लेकर 31 जनवरी 2024 तक अपील दायर की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में ऑर्डर मार्च 2023 तक पास हुए हैं, उनके लिए अगले साल जनवरी तक अपील की जा सकती हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के समर्थन में दिल्ली सरकार की वित्त मंत्री आतिशी

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को दिए गए 1.5 लाख करोड़ रुपए के टैक्स चोरी के नोटिस को समाप्त करने की मांग की। दिल्ली की वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र 50,000 युवाओं के रोजगार का जरिया है और यह 17,000 करोड़ का विदेशी निवेश आकर्षित करता है, इसलिए जरूरी है कि इस उद्योग की रक्षा करने के लिए टैक्स चोरी से जुड़े नोटिस वापस लिए जाएं। आतिशी ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग उद्योग पर 28 प्रतिशत कर सहित जीएसटी काउंसिल के पूर्व के फैसलों ने प्रतिकूल प्रभाव डाला है। बता दें कि दो अगस्त को हुई बैठक में काउंसिल ने कसीनो, हॉर्स रेसिंग (घोड़ों की दौड़) और ऑनलाइन गेमिंग पर कर में स्पष्टता लाने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी।

## सिक्किम: आठ जवानों के शव बरामद

# बाढ़ से अब तक 56 लोगों की मौत, 142 अभी भी लापता

एजेंसी | गंगटोक

सिक्किम में बादल फटने के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या शनिवार को 56 तक पहुंच गई है। अब तक सिक्किम से 26 शव बरामद किए गए थे। 30 शव पश्चिम बंगाल में तीस्ता नदी के बेसिन में पाए गए हैं।

सिक्किम में सेना के जवानों समेत कम से कम 142 लोगों की तलाश जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सेना के 8 जवानों के शव मिल चुके हैं। उन्होंने आठ जवानों सहित कुछ लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शेष 14 सैनिकों और लापता नागरिकों को बचाने के लिए तलाश अभियान जारी है। वहीं, आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने सिक्किम में अब तक 26 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मंगन जिले से चार, गंगटोक से छह और पाक्योंग जिले से सात शव बरामद किए गए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार, तीस्ता नदी के बेसिन में तीन जिलों सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार से 30 शव बरामद किए गए हैं। इस बीच, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ में गोला-बारूद सहित कई सैन्य उपकरण बह गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा, सिक्किम में भीषण बाढ़ के कारण विस्फोटकों सहित कुछ सैन्य उपकरण तीस्ता नदी में बह गए।

जलपाईगुड़ी जिला अधिकारियों द्वारा जनता के लिए तत्काल सूचना पहले ही जारी कर दी गई है। सेना ने नदी के निचले हिस्से में लुकआउट टीमें स्थापित की हैं। बुधवार तड़के बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने सिक्किम में भारी तबाही मचाई। इससे 25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, 1,200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 13 पुल, सड़कें और अन्य संरचनाएं बह गईं। विभिन्न इलाकों से 2,413 लोगों को बचाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# महिलाओं के मामलों में संवेदनशील रहें अदालतें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला अपराधों से जुड़े मामलों में सुनवाई को लेकर अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई के दौरान संवेदनशील होना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया था। दरअसल, उत्तराखंड हाई कोर्ट ने एक शख्स और उसकी मां को पत्नी के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने के लिए दोषी ठहराया था जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपील को खारिज करते हुए हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मौत का कारण जहर था।

## गगनयान मिशन की तैयारी अंतिम चरण में

# इसरो करेगा 'क्रू एस्केप सिस्टम' का परीक्षण, श्रीहरिकोटा पहुंचा यान

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन आसमान में एक और छलांग लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत इस महीने के अंत में यान से अंतरिक्ष यात्रियों को बाहर निकालने की प्रणाली 'क्रू एस्केप सिस्टम' का परीक्षण करने की योजना है। इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें इसरो ने एक्स पर शेयर की हैं और इसके साथ बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने बताया, तैयारियां जोरों से चल रही हैं। यान प्रणाली के सभी हिस्से प्रक्षेपण के लिए श्री हरिकोटा पहुंच गए हैं। उन्हें जोड़ने का काम जारी है। हम अक्टूबर महीने के अंत में इसे प्रक्षेपित करने के लिए तैयार हैं। अंतरिक्ष विभाग के अधीन इसरो का वीएसएससी प्रमुख केंद्र है और तिरुवनंतपुरम में स्थित है। नायर ने बताया, इस क्रू एस्केप सिस्टम के साथ हम उच्च दबाव और 'ट्रांससोनिक स्थितियों' जैसी विभिन्न परिस्थितियों का परीक्षण किया जाएगा।




### ये परीक्षण होंगे

इसरो अधिकारी ने बताया कि क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) गगनयान का अहम तत्व है। इस महीने परीक्षण यान फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) का परीक्षण किया जाएगा, जो गगनयान कार्यक्रम के तहत चार परीक्षण मिशन में से एक है। परीक्षण वाहन टीवी-डी1 इस मिशन के लिए विकसित एक रॉकेट है। पेलोड में क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम शामिल हैं। इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा। दूसरे चरण के तहत परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है।

### नौसेना भी करेगी मदद

इसका प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। क्रू मॉड्यूल, जहां गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को बैठाया जाएगा, 17 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा। इसमें पैराशूट लगे होंगे। इसके बाद मॉड्यूल समुद्र में गिर जाएगा। इसरो ने कहा कि क्रू मॉड्यूल को भारतीय नौसेना के एक जहाज और गोताखोरों की टीम का उपयोग करके बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद बरामद किया जाएगा।

### क्या है क्रू मॉड्यूल

इसरो के वैज्ञानिकों के अनुसार परीक्षण लॉन्च के लिए क्रू मॉड्यूल एक बिना दबाव वाला संस्करण होगा, जिसे तैयार कर लिया गया है।

### मील का पत्थर होगा यह परीक्षण

यह परीक्षण गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसरो ने कहा, इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस परीक्षण उड़ान की सफलता बाकी के परीक्षणों और मानव रहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी। महत्वाकांक्षी गगनयान परियोजना के तहत दो से तीन लोगों को एक से तीन दिन के लिए पृथ्वी के चारों ओर लगभग 400 किमी की गोलाकार कक्षा में ले जाना और। उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

## हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में आशीष विद्यार्थी और अनूप सोनी ने बताए सक्सेस मंत्र

# आगे बढ़ने के लिए आदमी में भूख जरूरी

**बेधड़क.जयपुर।** 'आप जो कुछ कर रहे हो, वह बहुत खास है। यदि आपको कुछ खास करना है तो भीड़ चाल में नहीं चलना होगा। वही करो, जिससे आपको खुशी मिलती है।' यह अनुभव बॉलीवुड एक्टर आशीष विद्यार्थी ने जयपुर में शेयर किए। मौका था एस के फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था की ओर से शुरू हुए एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का, जिसमें पहले दिन आशीष के अलावा एक्टर अनूप सोनी, मैनेजमेंट गुरु एन रघुरामन, होलिस्टिक हेल्थ गुरु एंड स्प्रिचुअल लाइफ कोच डॉ. मिकी मेहता के सेशंस ने हर ध्यान खींचा। एसके डबल्यूएचडब्ल्यूएफ के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और नरिशंत शर्मा ने बताया, कि उद्घाटन में राजेंद्र सेतिया, मिकी मेहता, पं. सुरेश मिश्रा, डॉ. सुधीर भंडारी, अमित अग्रवाल, जयश्री पेरीवाल, डॉ. संजीव शर्मा और डॉ. संदीप जैन ने फेस्ट की शुरुआत की। आयोजन समिति चेयरमेन अमित अग्रवाल और संस्कृति युवा संस्था अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी के अलावा पुरुषोत्तम दिवाकर की फोटोग्राफी पर, इटर्नल हॉस्पिटल की सीपीआर देने की ट्रेनिंग पर और मेंस्ट्रुअल हाइजिन मैनेजमेंट पर भारती सिंह चौहान की वर्कशॉप हुई। शाम को फ्यूजन डांस ग्रुप का डांस कॉम्पीटिशन युद्धम हुआ।






### लोग हंसेंगे, लेकिन रुकना नहीं

आशीष विद्यार्थी ने जीवन का फंडा शेयर किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले क्लियर कर लीजिए कि जो जिंदगी आप जी रहे हैं, वह अपने लिए जी रहे हैं। आगे बढ़ने के लिए खुद में भूख होना जरूरी है। आगे बढ़ते रहना है और इस दौरान आप गिरेंगे भी। इसके लिए मेंटल हेल्थ को बनाएं रखें। जब गिरेंगे तो लोग हंसेंगे, लेकिन रुकना नहीं है। मेंटल हेल्थ ही आपको आगे बढ़ते रहने के लिए मोटिवेट करेगी। कुछ भी खास करने के लिए थकना बहुत जरूरी है, क्योंकि जब आप थकोगे, उसके बाद ही अपना 100 प्रतिशत दे पाओगे।

### उद्योग से जन्मा दूध नुकसानदायक

होलिस्टिक हेल्थ गुरु एंड स्प्रिचुअल लाइफ कोच डॉ. मिकी मेहता के सेशन लांगेविटी इम्युनिटी वायटेलिटी में संस्कृति और रीति रिवाज की ओर वापस लौटने पर जोर दिया। मॉडरेटर जयश्री पेरीवाल द्वारा दूध के इस्तेमाल पर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि आज हम जो दूध उपयोग में ले रहे हैं, वो उद्योग से जन्मा है जो नुकसानदायक है। इस दूध में फर्टिलाइजर और कई दवाओं का इस्तेमाल होता है, जिससे इसके सारे न्यूट्रिशन खत्म हो जाते हैं। इसलिए गाय के दूध का सेवन करें जो प्रसाद की तरह है।



### तैयार रहें, मौका मिले तो अच्छा करेंगे

एक्टर अनूप सोनी ने अपने सेशन 'वक्त सब बदल देगा' में सक्सेज मंत्र पर बात की। उन्होंने कहा कि संघर्ष कभी खत्म नहीं होता। चाहे आप शाहरुख खान बन जाएं। आपको हमेशा अपने काम, टैलेंट, तैयारी पर मेहनत करनी चाहिए। फिर जब आपको मौका मिलेगा तो अच्छा परफॉर्म कर पाएंगे। इस दौरान उन्होंने 'वक्त सब बदल लेता है' कविता पढ़कर सुनाई। अनूप के कहा कि अगर एक्टिंग में कॅरियर बनाना है तो अपना दिल व दिमाग स्टील का बनाना पड़ेगा। यहां सक्सेज मीटर किसी भी दिशा में जा सकता है, इसीलिए मेंटली तैयार रहना जरूरी है। क्राइम पेट्रोल पर कहा कि 45 मिनट के शो में मेरी स्क्रीन प्रेजेंस 6 मिनट की होने पर भी लोगों ने कितना प्यार दिया। आभारी हूं।

### 15 प्रतिशत को प्रेगनेंसी के छठे महीने में डायबिटीज

आरयूएचएस वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी ने कहा कि डायबिटीज किसी भी उम्र में हो सकती है। खासतौर पर प्रेगनेंसी के दौरान इसका काफी ख्याल रखना चाहिए। 15 प्रतिशत महिलाओं में शुगर लेवल बढ़ जाता है और वे प्रेगनेंसी डायबिटीज से ग्रसित हो जाती हैं। हालांकि, इनमें से 90 प्रतिशत डिलीवरी के बाद ठीक हो जाती हैं।

## परिष्कार का कब्जा बरकरार



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस के विद्यार्थी चैम्पियन रहे। फाइनल में परिष्कार कॉलेज की टीम ने तीन राउंड में सात अंक बनाकर महारानी कॉलेज की टीम को पराजित किया। परिष्कार की टीम में मीताली, भावना, प्रियंका, काजल एवं परिधि शामिल थीं। प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल ने बताया कि छात्रा वर्ग की अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में परिष्कार कॉलेज ने दसवीं बार चैम्पियनशिप जीतकर कब्जा बरकरार रखा है। निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने खिलाड़ियों एवं खेल प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी तथा मनीष चौधरी को बधाई देते हुए निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

## स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** एंबेसी मिलेनियम सीनियर सैकंडरी स्कूल के एनुअल फंक्शन में बच्चों ने ताल से ताल मिलाई तो दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केन्द्र का ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा। स्कूल के निदेशक निर्मल पंवार ने बताया कि कार्यक्रम में 12वीं तक के स्टूडेंट्स को मैडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पंवार ने बताया कि स्टूडेंट्स ने 'सांस्कृतिक विरासत' को दर्शाते हुए राजस्थानी नृत्य और बॉलीवुड थीम पर विभिन्न नृत्यों की झलक प्रस्तुत की। फिल्मी गीतों पर आकर्षक नृत्य पेश किए। अंत में स्कूल प्राचार्य ने अभिभावकों और दर्शकों का आभार जताया।

## पुलकित सम्राट ने किया चीयर



**बेधड़क. जयपुर।** रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी की शुरुआत रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत व निर्मला रावत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मिनिस्टर प्रताप सिंह खाचरियावास व जगद गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रोफेसर रामसेवक दुबे उपस्थित थे। इस दौरान फुकरे-3 के प्रमोशन के लिए अभिनेता पुलकित सम्राट ने शिरकत की। वहीं, मिस्टर फ्रेशर हर्ष बसीठा, मिस फ्रेशर रोशनी भाटी, फर्स्ट रनरअप ट्विंकल शर्मा और सैकंड रनरअप सोनिया शर्मा रही। ग्रुप निदेशक हेमेंद्र रावत व नरेंद्र सिंह रावत ने पुलकित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अंत में रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज की निदेशक कल्पना रावत ने आभार जताया।

## City इवेंट्स

### शिखर सम्मेलन में जुटे विशेषज्ञ



**बेधड़क. जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, बिट्स टेक और राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से 2 दिवसीय राजस्थान एमएसएमई शिखर सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य छोटे, बड़े और सामान्य व्यवसाय वाले व्यापारियों को विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए एक जुट करना था। इस दौरान राजस्थान में विरासत पर्यटन तथा हैंडी क्राफ्ट्स और टैक्सटाइल जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। राजपूताना हॉलीडे मेकर्स प्राइवेट लिमिटेड निदेशक संजय कौशिक, पचार समूह निदेशक राधिका चौहान, ओएमजी ग्रुप ऑफ कंपनीज संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश खंडेलवाल तथा आरसीसीआई उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने राजस्थान में हैंडीक्राफ्ट्स के क्षेत्र में आधुनिकीकरण के फलस्वरूप आए प्रभावों पर चर्चा की तथा सरकारी नीतियों की समीक्षा की। परिचर्चा में नीरजा इंटरनेशनल इनकॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशिका नुपुर बोर्डिया, सूत्रकार क्रिएशन की संस्थापिका नीरजा पालिसिती शामिल रहे। वीजीयू के सिडबी स्वावलंबन के एक्जीक्यूटिव चेयर गौरव शर्मा ने आभार जताया।

### जीकेप की बैठक पायलट भवन में आज

**बेधड़क. जयपुर।** गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद (जीकेप) की ओर से रविवार को सुबह 11:00 बजे पायलट भवन में एक मीटिंग रखी गई है। इस मीटिंग में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, समितियो के प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जीकेप के सभी सदस्यगण हिस्सा लेंगे। मीडिया राजस्थान हेड रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि बैठक में मुख्य सलाहकार पीएस वर्मा, संस्थापक रामफूल गुर्जर, मुख्य संरक्षक गौरव बजाड़, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर, महासचिव हंसराज गुर्जर, कोषाध्यक्ष जगदीश चेची सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### अंग प्रत्यारोपण से जगती है नई उम्मीद



**बेधड़क. जयपुर।** जागरूकता की कमी के कारण अक्सर अंग विफलता पर ध्यान नहीं दिया जाता है। हमारा मिशन लोगों को सुलभ ओपीडी सेवाएं देना है, जिसका लक्ष्य अंग विफलता का सामना करने वाले लोगों को विकल्प देते हुए नई आशा को फिर से जगाना है। यह विचार जयपुर में मैरिंगो सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर लंग ट्रांसप्लांट डॉ. ज्ञानेश ठक्कर ने रखे। वे अंग प्रत्यारोपण पर बात कर रहे थे। मैरिंगो सिम्स अहमदाबाद व एपेक्स अस्पताल ने अंग विफलता के लिए ओपीडी पर बात की। इस मौके पर डॉ. धीरेन शाह, डॉ. ज्ञानेश ठाकर और डॉ. पुनित सिंगला ने कई रोचक जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि लोगों को अंग विफलता पर विशेषज्ञ की सलाह लेने के लिए यहां-वहां जाना पड़ता है। ऐसे में मिशन के तहत यही सबको सलाह दी जाएगी।

## दंत कार्यशाला, जयपुर डेंटल शो की वेबसाइट लॉन्च

# जयपुर में दो दिन व्याख्यान देंगे देश-विदेश के दंत चिकित्सक




**बेधड़क | जयपुर**

इंडियन डेंटल एसोसिएशन हेड ऑफिस मुंबई की ओर से होने वाली अंतरराष्ट्रीय दन्त कार्यशाला और जयपुर डेंटल शो की वेबसाइट शुरू हो गई। वेबसाइट की शुरुआत जयपुर में एक समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी रहे और समारोह की अध्यक्षता इंडियन डेंटल एसोसिएशन हेड ऑफिस मुंबई के सेक्रेटरी जनरल डॉ. अशोक धोबले ने की। वेबसाइट में डॉ. निशांत गुप्ता और डॉ. धीरज गुप्ता का सहयोग रहा। इस अवसर पर आईडीए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला व जयपुर डेंटल शो के बारे में जानकारी दी।

आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जे एस वालिया ने बताया कि कार्यशाला दो व तीन दिसंबर को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। इसमें देश व विदेश के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक अपने व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर राजकीय दंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार, महात्मा गांधी डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन पढ़ियार, राजस्थान डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईडीए राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनोद बिहानी, इंडियन ऑर्थोडोंटिक सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलविंदर ठक्कर ,आईडीए हेड ऑफिस मुंबई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज, आईडीए बीकानेर के डॉ. राजकुमार पुरोहित, आईडीए सीकर के डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. अनीश, डॉ. साबिर, आईडीए भरतपुर के डॉ.धर्मेंद्र शर्मा, आईडीए जयपुर से डॉ. अभिलाषा, डॉ. अनीता, डॉ. राजेश सोलंकी, डॉ. असित त्रिवेदी, डॉ. सीमा सोनी, डॉ. सुधांशु, डॉ. अंकुर कनोडिया, डॉ. प्रशांत, डॉ. पूजा, डॉ. अरविंद, डॉ. सतवीर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश भारद्वाज ने किया।

## भारतीय स्क्वैश टीम की कोच सुरभि का सम्मान

# गर्व की बात है कोई खिलाड़ी खाली हाथ नहीं लौटकर आया



**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय स्क्वैश टीम की कोच सुरभि मिश्रा ने एशियाई खेलों में भारत की स्क्वैश टीम के प्रदर्शन पर कहा कि गर्व की बात है स्क्वैश का कोई खिलाड़ी एशियन गेम्स से खाली हाथ नहीं लौटा। सभी ने देश के लिए पदक जीते हैं।

एशियाई खेलों में भारत की टीम ने हिस्सा लिया और दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल 5 पदक जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत का स्क्वैश में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस दौरान सुरभि मिश्रा का शनिवार को जयपुर पहुंचने पर सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी में स्वागत और अभिनन्दन किया गया।

एकेडमी के खिलाड़ियों, अभिभावकों और बड़ी संख्या में अन्य खेलों से जुड़े खिलाड़ियों ने सुरभि का स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लाम्बा, युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, विधायक कालीचरण सराफ, पूर्व विधायक अशोक परनामी, राजस्थान ओलंपिक संघ अध्यक्ष रामावतार सिंह जाखड़, स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया उपाध्यक्ष अनिल व्यास, हैंडबाल फेडरेशन कोषाध्यक्ष तेजराज सिंह ने उपलब्धि पर बधाई दी। सुरभि का उनके निवास पर भी परिजनों, पारिवारिक मित्रों और शुभचिन्तकों ने सम्मान किया। वहां मिश्रा ने कहा, कि हम एशियाड में जाने से पहले पूरी तरह कान्फिडेंट थे और खिलाड़ियों ने वाकई कर दिखाया। अभय सिंह, अनाहत सिंह और तन्वी खन्ना जैसे युवा खिलाड़ियों ने अपने पहले ही प्रयास में पदक जीत शानदार प्रदर्शन किया।

**जवाहर कला केन्द्र** | 'शिंजनी नृत्य समारोह' में दी प्रस्तुति

# मैं राजवंशिनी कुल कीर्ति हूं, गांधारी हूं, मैं कुंती हूं

**बेधड़क | जयपुर**

'आ खींच दुशासन चीर मेरा, हर ले मेरा सौंदर्य सजल। आ केश पकड़ कर खींच मुझे। अपना परिचय दे ऐ निर्बल। मैं राजवंशिनी कुल कीर्ति हूं, गांधारी हूं, मैं कुंती हूं, अतुलित हूं मैं अभिमानी हूं, ना भूल अरि मैं रानी हूं। है अग्निकुण्ड मेरा उद्भव, मुखमण्डल का ये तेज देख।' महाभारत काल में द्रौपदी के चीर हरण के समय उपजे कुछ ऐसे ही भावों से सराबोर थी लखनऊ घराने की नृत्यांगना मेहा झा की प्रस्तुति। इसका प्रदर्शन उन्होंने जवाहर कला केन्द्र में आयोजित 'शिंजनी नृत्य समारोह'में किया। मेहा कथक के लखनऊ घराने की जानी-मानी नृत्य गुरू दिल्ली की रानी खानम की शिष्या हैं और जयपुर में वर्षों से प्रशिक्षण में संलग्न हैं।

मुद्रा एकेडमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स के वार्षिक उत्सव में मेहा ने द्रौपदी चीरहरण और चीरहरण के दौरान द्रौपदी द्वारा ली गई प्रतिज्ञा के भावों को इतने जीवंत अंदाज में अपने नृत्य में ढाला कि कुछ देर को ऐसे लगा मानों महाभारत कालीन घटनाक्रम एक बार फिर साकार हो गया हो।



### नृत्य में चीरहरण की भावुक प्रस्तुति

चीरहरण के दौरान द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण से गुहार लगाई और श्रीकृष्ण ने उनकी चीर की लंबाई इतनी बढ़ा दी कि दुशासन के मनसूबे असफल हो गए। इसी समय द्रौपदी ने प्रतिज्ञा ली कि वे कौरवों के खून से अपने केश धोने के बाद ही उन्हें बांधेंगी। मेहा ने अपनी प्रस्तुति में इन्हीं सब भावों को प्रभावी नृत्य मुद्राओं से साकार कर नृत्य प्रेमियों की आंखें नम कर दीं।

### आकर्षक रही गंगानी की प्रयोगधर्मी प्रस्तुति

समारोह में मुंबई से आए अतिथि कलाकार नरेंद्र कृष्ण गंगानी ने कथक की प्रयोगधर्मी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुद्रा एकेडमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स के साधनारत कलाकारों ने मेहा के निर्देशन में लखनऊ घराने के कथक की प्रस्तुति दी। एकेडमी की छात्राओं फेमिना शर्मा व सुरभि सोनी ने कथक में 3 ताल में ठाठ, उठान, परण, आमद तिहाई टुकड़े व गत निकास जुगलबंदी की नयनाभिराम प्रस्तुति ने मन मोहा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023





जीवन की ऐसी कोई बाधा नहीं होती,
जिससे प्रेरणा न ली जा सके।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल पर हमास का अब तक का सबसे बड़ा अटैक: 540 लोग घायल... 280 का हो रहा इलाज

# 5000 रॉकेटों से हमला... 22 मौतें



**एजेंसी** | यरूशलम

गाजा पट्टी में सत्तारूढ़ हमास ने शनिवार तड़के इजराइल पर अभूतपूर्व हमला करते हुए पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागे। साथ ही, कई हमास लड़ाकों ने इजराइली सीमा में घुसपैठ को अंजाम दिया। हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को देश की जनता से कहा कि हम युद्धरत हैं।

घुसपैठ के कई घंटे बीत जाने के बाद भी हमास आतंकियों और इजराइली इलाकों में उनकी सेना से मुठभेड़ जारी है। हाल के समय में हमास द्वारा इजराइल पर किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है।

इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि हमास के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी इजराइली शहर बिर्शेबा में सोरोका चिकित्सा केंद्र ने कहा कि वह कम से कम 280 घायलों का इलाज कर रहा है, जिनमें से 60 की हालत गंभीर है।



### हम इजराइल के साथ खड़े हैं: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** इजराइल में हमास के हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने उन्होंने हमले में मारे गए लोगों और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कठिन समय में हम इजराइल के साथ खड़े हैं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं इस हमले में मारे गए मासूमों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### हम युद्धरत हैं: नेतन्याहू

हमास के अभूतपूर्व रॉकेट हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश की जनता से कहा कि 'हम युद्धरत हैं।' हमास की तरफ से भारी संख्या में रॉकेट दागे जाने और दक्षिणी इजरायल में चरमपंथियों की घुसपैठ के बाद नेतन्याहू ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि हमास 'ऐसी कीमत चुकाएगा, जैसा उसने सोचा भी न होगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'हम युद्धरत हैं। अभियान नहीं, बल्कि युद्ध छिड़ गया है।'

## भारत-कनाडा में टेंशन: ब्रिटेन कर रहा बातचीत!

# सुनक का ट्रूडो को कॉल

**एजेंसी** | लंदन

कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप के बाद नई दिल्ली और ओटावा के बीच रिश्ते तल्ख हो गए। भारत में मौजूद राजनयिकों को भी कनाडा ने दूसरे देशों में शिफ्ट कर दिया। इन सबके बीच, ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कनाडाई पीएम ट्रूडो के साथ फोन पर बात की और उम्मीद जताई कि भारत और कनाडा विवाद में कमी देखने को मिलेगी।

दोनों देशों के बीच खालिस्तानी निज्जर की हत्या के बाद से संबंध बिगड़ गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान नई दिल्ली और ओटावा के बीच तनाव कम करने तथा कानून के शासन का सम्मान करने पर जोर दिया। डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय) ने एक बयान में कहा कि सुनक ने शुक्रवार शाम ट्रूडो से बात की और इस दौरान उन्हें भारत में कनाडाई राजनयिकों से संबंधित स्थिति के बारे में जानकारी दी गई और दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।



### वियना संधि के सम्मान पर जोर

कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बयान को दोहराते हुए कहा कि ट्रूडो ने कनाडा और भारत के बीच मौजूदा स्थिति पर जानकारी प्रदान की। कनाडा सरकार के बयान में कहा गया है, 'दोनों नेताओं ने राजनयिक संबंधों पर वियना संधि के सम्मान और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो और प्रधानमंत्री सुनक करीबी संपर्क में रहने और वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए।'

### हालात बेहतर होने की उम्मीद जताई ब्रिटिश पीएम ने

खालिस्तान समर्थक वांछित अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के एजेंट की संलिप्तता के कनाडा के आरोप के बाद सुनक ने कानून का शासन के प्रति ब्रिटेन के रुख को दोहराया। बयान में कहा गया है, 'प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत में कनाडाई राजनयिकों से संबंधित स्थिति पर जानकारी दी।' इसमें कहा गया, 'सुनक ने ब्रिटेन के उस रुख को दोहराया कि सभी देशों को राजनयिक संबंधों पर वियना संधि के सिद्धांतों सहित संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने हालात बेहतर होने की उम्मीद जताई।'

## कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में प्लेन पेड़ से टकराकर क्रैश

# दो भारतीय सहित तीन पायलट की मौत

**एजेंसी** | सरे

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में शनिवार को एक प्लेन क्रैश हो गया है। इस दुर्घटना में दो भारतीय ट्रेनी पायलटों की मौत की हो गई। जिन पायलटों की मौत हुई है उनके नाम अभय गडरू और यश विजय रामुगड़े बताए जा रहे हैं। ये दोनों ही मुंबई के रहने वाले थे। कनाडा के पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि जो प्लेन क्रैश हुआ है वह एक दो इंजन वाला हल्का विमान था। इसे पाइपर पीए-34 सेनेका के तौर पर जाना जाता है। यह विमान चिलिवैक शहर में एक मोटल के पीछे पेड़ों और झाड़ियों से टकराकर क्रैश हुआ है।



इस घटना में भारतीय नागरिकों के अलावा एक और पायलट की भी मौत हो गई। कनाडा की पुलिस ने एक बयान में कहा है कि फिलहाल घटनास्थल पर स्थिति नियंत्रण में है। क्षेत्र में किसी और के घायल होने की कोई सूचना या फिर किसी तरह के खतरे की बात नहीं है। विमान क्यों टकराया इस बारे में अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### अफगान एक तक छोड़ दें पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने तालिबान के खिलाफ अब मोर्चा खोल दिया है। पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने ऐलान किया है कि उनके देश में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी 1 नवंबर तक चले जाएं। इस समय सीमा के बाद रहने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला बलूचिस्तान के मस्तुंग में हुए घातक आत्मघाती विस्फोट के कुछ दिनों बाद आया है।

## यासीन मलिक के हमदर्द बने ब्रिटिश सांसद टेरी

# कश्मीर पर दिया बेतुका बयान

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन की लेबर पार्टी के सांसद सैम टेरी की सितंबर के अंत में पकिस्तान के दौरे में कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की पत्नी मुशाल मलिक से मुलाकात हुई। उन्होंने मुशाल की मीटिंग के बाद अपनी फोटोग्राफ्स शेयर की हैं। उन्होंने यासीन मलिक को भारत का राजनीतिक कैदी तक करार दे दिया है। यासीन मलिक पिछले चार सालों से तिहाड़ जेल में बंद है।

भारत में विशेषज्ञ अब सैम से सवाल पूछ रहे हैं। सैम ने एक्स पर लिखा, 'मुशाल हुसैन मलिक मानवाधिकार कार्यकर्ता और एक राजनीतिक कैदी यासीन मलिक की पत्नी के साथ एक भावनात्मक मुलाकात, जिसे भारत सरकार ने गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिया है। मैं उनकी ओर से ब्रिटिश सरकार से तुरंत अपील करूंगा।' सैम यह भूल गए कि यासीन एक आतंकी है। सैम की मानें तो कश्मीरी विस्थापितों ने उन्हें भारत के हिस्से वाले कश्मीर में भयानक आतंक और हिंसा की कहानियां बताई। इसकी वजह से उन्हें वहां से भागना पड़ा।

**शोध में खुलासा**

# क्षारीय टेस्ट को भी बता देती है जीभ

**एजेंसी** | वाशिंगटन

जीभ के जरिए कोई चीज कड़वी, खट्टी, मीठी, नमकीन या उमानी है इसकी पहचान हो जाती है। एक शोध में यह पता चला है कि अब जीभ अमोनियम क्लोराइड यानी नौसादर के बारे में भी बता सकती है, जिसका स्वाद क्षारीय होता है।

जीभ अमोनियम क्लोराइड पर प्रतिक्रिया करती है, लेकिन यूएससी डोर्नसाइफ के नए शोध ने जीभ पर उन रिसेप्टर्स को सटीक रूप से पहचानने में कामयाबी हासिल की है, जो इस पर प्रतिक्रिया करते हैं। यह सब OTOP1 नामक प्रोटीन की वजह से संभव हो सका है।यह कोशिका झिल्ली के भीतर पाया जाता है और कोशिका में जाने वाले हाइड्रोजन आयनों के लिए रास्ता बनाता है।



### यह स्वाद बचाता है हानिकारक पदार्थों से

अमोनियम क्लोराइड अक्सर एक प्रतिकूल स्वाद होता है और संभवतः हानिकारक पदार्थों से बचने में मदद करने के लिए विकसित किया गया है, क्योंकि अमोनिया मनुष्यों और अन्य जानवरों के लिए हानिकारक है। हालांकि यह स्पष्ट है कि मनुष्य इसका आनंद लेना सीख सकते हैं, ठीक उसी तरह जैसे हमने मसालेदार या अम्लीय खाद्य पदार्थों का स्वाद हासिल किया है। नमक लिकोरिस कैंडी में अमोनियम क्लोराइड का स्वाद प्रमुख है, जो नॉर्डिक देशों, नीदरलैंड और उत्तरी जर्मनी में लोकप्रिय है।

### OTOP1 प्रोटीन है रिसेप्टर

OTOP1 नामक प्रोटीन वही रिसेप्टर है जो अम्लता को ग्रहण करता है, जिसका स्वाद हम नींबू के रस या सिरके जैसे खट्टे स्वाद के रूप में लेते हैं। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि ओटीओपी1 प्रोटीन नौसादर पर भी प्रतिक्रिया कर सकता है, क्योंकि यह अम्लता से भी संबंधित है। प्रयोगशाला में विकसित मानव कोशिकाएं बनाईं, जिनमें ओटीओपी1 प्रोटीन था और फिर उन्हें एसिड और अमोनियम क्लोराइड के संपर्क में लाया गया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl